दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak



फोटो: पंकज शर्मा

आज जन्मदिन पर ताजपोशी

## अल्बर्ट हॉल पर शपथ ग्रहण आज: मोदी और शाह समेत कई दिग्गज होंगे शामिल

# शपथ के बाद 'राजपथ'

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के अलावा दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा लेंगे डिप्टी सीएम की शपथ

पीएम समेत 16 केंद्रीय मंत्री, 17 राज्यों के CM-डिप्टी सीएम भी आएंगे

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश के मनोनीत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और दो उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी व प्रेमचंद बैरवा शुक्रवार को सुबह 11.15 पर शपथ लेंगे। समारोह में सिर्फ तीन ही नेता शपथ लेंगे। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को मनोनीत सीएम भजनलाल शर्मा का जन्मदिन भी है। दूसरी ओर, मंत्रिमंडल का गठन भाजपा हाईकमान से हरी झंडी मिलने के बाद तय होगा। इधर, अल्बर्ट हॉल (रामनिवास बाग) के बाहर होने वाले समारोह की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी है। शपथ ग्रहण समारोह में पीएम मोदी, अमित शाह, जेपी नड्डा सहित 16 केंद्रीय मंत्री और विभिन्न राज्यों के 17 सीएम व डिप्टी सीएम शामिल होंगे। समारोह के दौरान पूरे एरिया का ट्रैफिक 15 दिसंबर की दोपहर 3 बजे तक बंद रहेगा। शपथ ग्रहण की तैयारियों के चलते अल्बर्ट हॉल में शुक्रवार को पर्यटकों की एंट्री बंद रहेगी। वहीं, पूरे एरिया में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।



### पीएम समेत ये केंद्रीय मंत्री रहेंगे मौजूद

शपथ ग्रहण समारोह में पीएम नरेंद्र मोदी के अलावा गृहमंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी, स्मृति ईरानी, पीयूष गोयल, धर्मेंद्र प्रधान, प्रहलाद जोशी, अश्विनी वैष्णव, गजेंद्र सिंह शेखावत, भूपेंद्र यादव, हरदीप सिंह पुरी, अनुराग ठाकुर, अर्जुनराम मेघवाल, नित्यानंद राय, एसपी सिंह बघेल, मनसुख मांडविया मौजूद रहेंगे। समारोह में आने वाले मुख्यमंत्रियों की बात की जाए तो उत्तर प्रदेश के योगी आदित्यनाथ, गुजरात के भूपेंद्रभाई पटेल, हरियाणा के मनोहर लाल खट्टर, मध्यप्रदेश के मोहन यादव, छत्तीसगढ़ के विष्णुदेव साय, महाराष्ट्र के एकनाथ शिंदे, अरुणाचल प्रदेश के पेमा खांडू, असम के हिमंता बिस्वा सरमा, गोवा के प्रमोद सांवत, त्रिपुरा के माणिक साहा और मणिपुर के एन बीरेन सिंह शामिल होंगे। इसी प्रकार उपमुख्यमंत्रियों में उत्तर प्रदेश के केशव प्रसाद मौर्या व ब्रजेश पाठक, अरुणाचल प्रदेश के चौना मीन, महाराष्ट्र के देवेंद्र फड़नवीस और नगालैंड के यानथुंगो मौजूद रहेंगे।



**जनता के लिए संघर्ष...**

पार्टी के महामंत्री रहते एक जन आंदोलन के दौरान गिरफ्तारी देते मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा।

### वीवीआईपी मूवमेंट वाले रास्तों पर किया रिहर्सल

राजधानी में शुक्रवार को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में पीएम मोदी समेत कई वीवीआईपी लोग मौजूद रहेंगे। पीएम मोदी के गुजरने वाले रास्तों पर प्रशासन ने गुरुवार को रिहर्सल की। इस दौरान मूवमेंट वाले रास्तों के आसपास जाम की स्थिति बन गई। यातायात पुलिसकर्मियों ने खासी मशक्कत के बाद इन रास्तों से जाम खुलवाया।



### केवल इमरजेंसी वाहनों की ही होगी एंट्री

रामनिवास बाग के अंदर संचालित होने वाला यातायात शुक्रवार दोपहर 3 बजे तक बंद रहेगा। रामनिवास बाग के बाहरी रास्तों पर अति आवश्यक सेवाओं के वाहनों का आवागमन निर्बाध रहेगा। एसएमएस अस्पताल में दिखाने के लिए मरीज एवं उनके परिजन आ-जा सकेंगे।

● पेज 3 भी देखें

### भजनलाल के जन्मदिन पर सर्वसमाज करेगा रक्तदान

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के जन्मदिन के अवसर पर शुक्रवार को धौलपुर शहर में सर्वसमाज की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में शर्मा के 56वें जन्मदिन पर करीबन 100 यूनिट रक्तदान करने का लक्ष्य रखा गया है। ये शिविर एसएमएस के ब्लड बैंक में आयोजित होगा।

### शपथ से पहले बैरवा करेंगे गणेशजी के दर्शन

शपथ ग्रहण समारोह से पहले डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा शुक्रवार सुबह 6:45 बजे मोती डूंगरी गणेश जी मंदिर जाएंगे। इस अवसर पर मंदिर महंत उन्हे पूजा अर्चना करायेंगे। शपथ के बाद बैरवा सचिवालय जाएंगे, जहां कमरा नंबर 219 में कार्यग्रहण करेंगे।

### ग्रेटर मेयर सौम्या ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा



प्रदेश नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर समारोह स्थल का जायजा लेने गुरुवार को अल्बर्ट हॉल पहुंची। इस दौरान महापौर ने एयरपोर्ट से लेकर समारोह स्थल तक की सफाई व्यवस्था के अधिकारियों को निर्देश दिए। महापौर कहा कि समारोह स्थल से एयरपोर्ट तक सफाई व्यवस्था, अग्निशमन वाहनों, यंत्रों की समुचित व्यवस्था करने के भी अधिकारियों को निर्देश दिए।

### बेधड़क मुलाकात



सच बेधड़क मीडिया ग्रुप के फाउंडर और एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा ने गुरुवार को डिप्टी सीएम दीया कुमारी से मुलाकात की। विनायक शर्मा ने बुके भेंटकर उन्हें डिप्टी सीएम बनने पर बधाई दी। दीया कुमारी और विनायक शर्मा ने सवाई माधोपुर में गुजारे समय को भी याद किया।

● पेज 3 भी देखें

### शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे मुख्यमंत्री के माता-पिता

शपथ ग्रहण समारोह में सीएम भजनलाल शर्मा के माता-पिता भी शामिल होंगे। सीएमओ की टीम भरतपुर से उनके पिता किशन स्वरूप शर्मा और माता गोमा उर्फ गोमती को लेकर जयपुर लेकर पहुंची। इनके साथ सीएम के बेटे डॉक्टर कुणाल भी साथ में हैं। ये सब परिजन शुक्रवार को सीएम के शपथ ग्रहण समारोह के साक्षी रहेंगे।

### भगवा रंग में रंगा शहर, प्रमुख मार्गों पर विशेष सजावट

शपथ ग्रहण समारोह से पहले राजधानी के मुख्य मार्गों और प्रवेश मार्गों को सजाया गया है। भाजपा के झंडों और हॉर्डिंग कट आउट सहित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं वाले पोस्टर और बैनर भी लगाए गए हैं। कार्यक्रम को लेकर भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई है।

### समारोह स्थल पर दिखेगी पीएम मोदी की योजनाओं की झलक

शपथ ग्रहण में पीएम मोदी की गारंटियों की भी झलक देखने को मिलेगी। समारोह स्थल पर भाजपा के झंडों और होर्डिंग काउंटर सहित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तमाम जन कल्याणकारी योजनाओं वाले पोस्टर और बैनर लगाए जा रहे हैं।

**चाक-चौबंद व्यवस्था**

# चप्पे-चप्पे में चौकसी... तीन लेयर की कड़ी सुरक्षा में लगे 5000 जवान

- समारोह में भाजपा के कद्दावर नेता और कई राज्यों के सीएम होंगे शरीक
- तीन स्टेज में बनाया गया मंच का सुरक्षा घेरा
- NSG और SPG के कमांडोज के पास रहेगा सुरक्षा का जिम्मा

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के शपथ ग्रहण समारोह के लिए कमिश्नरेट की पुलिस सुरक्षा को लेकर चाक-चौबंद व्यवस्था कर दी। शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन कमिश्नरेट के पांच हजार पुलिसकर्मियों के सुरक्षा घेरे में होगा। समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, दूसरे राज्यों के मुख्यमंत्री और भाजपा के देशभर के कई कद्दावर नेता शामिल होंगे। ऐसे में सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की है।

अल्बर्ट हाल के सामने शुक्रवार को भजनलाल शर्मा मुख्यमंत्री, दीया कुमारी व प्रेम चंद बैरवा उप मुख्यमंत्री की शपथ लेंगे। जयपुर एयरपोर्ट से अल्बर्ट हॉल तक और अल्बर्ट हॉल के चारों ओर सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा। मंच की सुरक्षा का जिम्मा एनएसजी व एसपीजी के कमांडों के पास रहेगा। एनएसजी व एसपीजी की टीम जयपुर आ चुकी है और मंच के आस-पास की सुरक्षा को लेकर तैयारियां शुरू कर दी है। सुरक्षा के तीन स्टेज बनाए गए हैं। एनएसजी व एसपीजी के बाद में ही जयपुर कमिश्नरेट का जाप्ता तीसरी स्टेज में तैनात होगा। सुरक्षा की मॉनिटरिंग पुलिस मुख्यालय व पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ खुद करेंगे। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अल्बर्ट हॉल व एयरपोर्ट पर करीब 15 आईपीएस, कमिश्नरेट के सभी आरपीएस अधिकारी और इंस्पेक्टर मौजूद रहेंगे। सभी को कामकाज की अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई है।



फोटो: राजेश कुमावत

### कमिश्नरेट के कमांडो, फायर व एंबुलेंस भी रहेगी मौजूद

शपथ ग्रहण समारोह के दौरान दमकल की गाड़ियां व एंबुलेंस भी मौजूद रहेगी, जबकि क्यूआरटी, ईआरटी और एटीएस-एसओजी का जाप्ता भी तैनात रहेगा। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डीजीपी उमेश मिश्रा ने कमिश्नर व एडीजी सिक्योरिटी को विशेष निर्देश दिए हैं। समारोह में खुद डीजीपी भी मौजूद रहेंगे।

जरूरी खबर

## दीया कुमारी को पूनियां ने भेंट की श्रीराम की मूर्ति



**बेधड़क,जयपुर।** राजस्थान की नवनियुक्त उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी को भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने अपने निवास स्थान पर भगवान श्रीराम की मूर्ति भेंट कर स्वागत-अभिनंदन कर उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। डॉ. सतीश पूनियां ने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास और भरोसा है कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के कुशल नेतृत्व में किसानों, युवाओं और माता-बहनों के लिए कल्याणकारी योजनाओं से राजस्थान विकास का नया अध्याय लिखेगा और विकसित राजस्थान का संकल्प भी धरातल पर उतरेगा।

## खटीक समाज के विधायकों को मंत्री बनाने की मांग

**बेधड़क,जयपुर।** प्रदेश के मनोनित मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से अखिल भारतीय खटीक समाज के प्रधान महासचिव सीप्पी महेंद्रा ने मुलाकात कर बधाई शुभकामनाएं दी है। इस दौरान सीप्पी महेंद्रा ने बताया कि राजस्थान विधानसभा की 199 सीटों पर हुए चुनावों में 2 सीटों पर खटीक समाज के दो प्रत्याशी जीत कर विधानसभा पुहंचे हैं। इनमें मदन दिलावर रामगंज मंडी कोटा से और रमेश खिंची कठूंबर अलवर सीट से जीते हैं। दोनों की वरिष्ठता को ध्यान में रखते हुए मंत्री मंडल में शामिल किया जाना चाहिए। वहीं निगम-बोर्ड में भी खटीक समाज को प्रतिनिधित्व देने की मांग रखी गई।

## घायल हेमराज को सहायता की मांग पर देंगे धरना



**बेधड़क, जयपुर।** बैनाड़ खटीक सामाज की ओर गुरुवार को जयपुर के बैनाड़ स्थित भैरू मंदिर में बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में तय किया गया कि सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्याकांड में घायल हेमराज खटीक को आर्थिक सहायता की मांग को लेकर एक दिवसीय धरना जयपुर में समाज के लोगों के द्वारा दिया जाएगा। खटीक समाज की ओर से धरना 27 दिसंबर को शहीद स्मारक, गॉर्वमेंट हॉस्टल के पास दिया जाएगा। वहीं मांगों को लेकर मुख्यमंत्री और राज्यपाल के नाम ज्ञापन भी सौंपा जाएगा। बैठक में समाज अध्यक्ष कांतिलाल, महावीर पंवार, राजेन्द्र असवाल, मुकेश कुमार खींची, नरेश कुमार सांखला, मुकेश कुमार नागर, राम प्रकाश, विनोद कुमार समाज के लोग उपस्थित रहें।

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा ने एक्स पर लिखा- उपमुख्यमंत्री की शपथ का संविधान में नहीं कोई विवरण

# उपमुख्यमंत्री पर कांग्रेस की टिप्पणी का BJP ने दिया जवाब

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में नई सरकार में उपमुख्यमंत्री बनाए जाने की आगे बढ़ती परिपाटी के बीच राजनीतिक बयानबाजियां भी शुरु हो गई हैं। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को मुख्यमंत्री भजनवाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा व दीयाकुमारी के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर सरकारी निमंत्रण दिए जा रहे हैं।

इस निमंत्रण में उपमुख्यमंत्री के नाम को शामिल किया गया है। इसको लेकर कांग्रेस ने भाजपा और प्रशासन पर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस ने उपमुख्यमंत्री पद को असंवैधानिक बताते हुए सरकारी निमंत्रण में लिखे उपमुख्यमंत्रियों के नाम पर आपत्ति दर्ज कराई है। वहीं, डोटासरा के इस बयान के बाद से ही सियासी पारा चढ़ गया है। भाजपा ने इस पर पलटवार करते हुए कहा कि डोटासरा न जाने कौन सा संविधान पढ़कर आए हैं। हर पार्टी की अपनी परिपाटी होती है। इसमें कोई संविधान का उल्लंघन नहीं है। पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासारा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर गुरुवार को एक पोस्ट किया। इसमें उन्होंने लिखा कि कल होने वाले कार्यक्रम के सरकारी निमंत्रण में मुख्यमंत्री के साथ ही उपमुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण का विवरण लिखा गया है। जबकि संविधान की धारा 163 व 164 में ऐसे किसी पद की शपथ का विवरण नहीं है। जाहिर है कि राज्य में उपमुख्यमंत्री का कोई संवैधानिक पद नहीं होता है। उपमुख्यमंत्री की शपथ ग्रहण मामले पर पूर्व उपनेता प्रतिपक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने डोटासरा की आपत्ति पर पलटवार करते हुए कहा कि अब पता नहीं कि पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा कौन सा संविधान पढ़ कर आए हैं? जबकि उनके यहां भी प्रदेशों में शपथ ग्रहण होता है। वहां की अपनी अपनी परिपाटी होती है, मुझे नहीं लगता कि कहीं संविधान की रेखाओं का उल्लंघन हुआ है। खैर, उन्हें बयान देने और अपनी निराशा को व्यक्त करने का पूरा अधिकार है, जिसका स्वागत है, लेकिन जिसे वो मुद्दा बना रहे हैं, वो पूरी तरह से तर्क से परे हैं।

### बयान का सुमित्रा सिंह ने किया समर्थन



उपमुख्यमंत्री की शपथ ग्रहण को पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की ओर से उठाए जा रहे सवाल का पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व 9 बार विधायक रही सुमित्रा सिंह ने भी समर्थन किया है। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सुमित्रा सिंह ने कहा कि संविधान में तो उपमुख्यमंत्री का कोई प्रावधान नहीं है। आज तक मंत्रिपरिषद के सदस्य के तौर पर ही शपथ दिलाई जाती रही है और उसके बाद यह अनाउंस कर दिया जाता है कि ये उपमुख्यमंत्री होंगे।

### राजस्थान पर भारी कर्ज, दुरूस्त करेंगे व्यवस्था



पूनिया ने शपथ ग्रहण समारोह को लेकर कहा कि प्रदेश की जनता का बहुत धन्यवाद है, जिसने पार्टी को अपार जन समर्थन दिया। इसके साथ ही कार्यकर्ताओं के परिश्रम का भी आभार है। पूनिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृहमंत्री अमित शाह के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में शामिल होने को लेकर कहा, एक सामान्य कार्यकर्ता को मुख्यमंत्री बनने का अवसर दिया गया। इससे पूरे प्रदेश में उत्साह है। शुक्रवार को एक भव्य और एक ऐतिहासिक कार्यक्रम होगा। पूरे प्रदेशभर के और बहुत जमीनी कार्यकर्ता इसमें शामिल होंगे। पूनियां ने कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार को निशाने पर लेते हुए कहा कि भाजपा के सामने बड़ी बड़ी चुनौती है, क्योंकि कांग्रेस ने जो बिगड़ा है उसे भी पटरी पर लाना है। आज राजस्थान पर भारी कर्ज है। साथ ही कानून व्यवस्था को भी हम अविलंब दुरुस्त करने का काम करेंगे।

मुख्यमंत्री की शपथ के बाद तत्काल नहीं होगा मंत्रिमंडल का गठन

# नए मंत्रियों के नाम पर दिल्ली से लगेगी शीर्ष नेतृत्व की मुहर!

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में शुक्रवार को नए मुख्यमंत्री अपने पद व गोपनीयता की शपथ लेंगे। इससे पूर्व गुरुवार को दिनभर सियासी गलियारों में नए मंत्रिमंडल के गठन को लेकर खासी चर्चा रही। वहीं दिल्ली से लेकर भाजपा के प्रदेश मुख्यालय तक नव नियुक्त होने वाले मंत्रियों को लेकर आला नेताओं के साथ मंथन शुरु हो चुका है।

दूसरी ओर नए मंत्रिमंडल गठन को लेकर यदि भाजपा मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ का फॉर्मूला अपनाती है तो प्रदेश में भी फिलहाल मंत्री मंडल गठन की कवायद को फिलहाल रोका जा सकता है। गौरतलब है कि वर्ष 2013 में भी पूर्व वसुंधरा राजे के शपथ ग्रहण समारोह होने के कई दिन बाद में मंत्रियों को शपथ दिलाई गई थी।

बहरहाल, अभी भाजपा आलाकमान ने मंत्रियों के गठन को लेकर अपने पत्ते नहीं खोले हैं। इसको लेकर सियासी चर्चा जोरों पर है। उधर मुख्यमंत्री घोषित होने के बाद नए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा बुधवार को आमजन और नेताओं के साथ मुलाकात के बीच सेवा सदन भी पहुंचे थे। यहां शपथ ग्रहण समारोह में बुलाए जाने वाले अतिथियों के साथ ही नए मंत्रिमंडल को लेकर प्रारंभिक चर्चा भी हुई। इस बार मंत्रिमंडल का स्वरूप लोकसभा चुनाव के अनुसार रखा जाएगा, ताकि पार्टी को चुनाव में इसका फायदा मिल सके।

**2013 में तत्कालीन राजे सरकार में भी मंत्रियों को बाद में दिलाई गई थी शपथ**



**BJP प्रदेश मुख्यालय पर समर्थकों का जमावड़ा**

शुक्रवार को सीएम भजनलाल शर्मा के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए प्रदेश के विभिन्न जिलों से पार्टी कार्यकर्ता जयपुर पहुंच रहे हैं। गुरुवार को भाजपा कार्यालय आए विधायकों के समर्थकों ने कहा कि जिस प्रकार पीएम नरेंद्र मोदी ने भजनलाल शर्मा को सीएम बना कर चौंकाया है, हो सकता है उनके विधायक को भी मंत्रिमंडल में जगह मिल जाए। हांलाकि मंत्रिमंडल गठन का अंतिम फैसला अलाकमान ही करेगा। फिलहाल मंत्रिमंडल गठन में पार्टी आलाकमान संभावित चेहरों पर मंथन कर रहा है, जिसका फैसला शीघ्र ही हो जाएगा।

### चेहरों पर फिर चौंकाएगी भाजपा!

भाजपा ने तीनों ही प्रदेशों में मुख्यमंत्री फेस चौंकानें वाले लाए हैं। अब इन प्रदेशों में मंत्रिमंडल के गठन में भी यही फार्मूला अपना सकती है। मुख्य विभागों में किस विधायक को कौनसा मंत्री बनाया जाता है ये देखने वाला होगा।

### मंत्री मंडल में अभी और बनने हैं 27 मंत्री

राजस्थान विधानसभा में कुल विधायकों की संख्या 200 है। ऐसे में 15 प्रतिशत के हिसाब से 30 मंत्री बनाए जाने हैं। सीएम और डिप्टी सीएम की घोषणा हो चुकी है। ऐसे में अब 27 और मंत्री बनाए जाने हैं। हालांकि पहले फेज में 12 या 13 मंत्रियों को ही शपथ दिलाई जा सकती है।

इस साल 19 फरवरी को हुआ था पेपर

# CHO भर्ती परीक्षा का परिणाम जारी करने को लेकर किया घेराव

बेधड़क | जयपुर




राजस्थान सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी भर्ती 2023 का परिणाम जारी करने की मांग को लेकर अभ्यर्थियों ने गुरुवार को दुर्गापुरा स्थित कर्मचारी चयन बोर्ड का घेराव किया। बेरोजगार अभ्यर्थियों ने चयन बोर्ड के परिणाम जारी करने को लेकर ढीले रवैये और उदासीनता के खिलाफ विरोध जताया।

बेरोजगार युवाओं का कहना है कि राजस्थान सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी भर्ती का पेपर 19 फरवरी 2023 को हुआ था। उसके बाद परिणाम जारी करने की मांग को लेकर हजारों बेरोजगार युवा शासन से लेकर मुख्यमंत्री तक कई बार गुहार लगा चुके हैं। कहीं पर भी सुनवाई नहीं हो रही। ऐसे में बेरोजगार युवाओं ने चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर 26 दिसंबर से पहले सीएचओ भर्ती का रिजल्ट जारी नहीं किया गया तो सभी बेरोजगार युवा 26 दिसंबर से बोर्ड कार्यालय का घेराव करते हुए अनिश्चित कालीन करने पर बैठेंगे।

बेरोजगार युवाओं का कहना है कि चयन बोर्ड भर्ती परीक्षा को लेकर एसओजी की रिपोर्ट आने की बात कहकर टाल देते हैं। जबकि एसओजी बोलती है कि हम रिपोर्ट भेज चुके हैं। उसके बावजूद युवा बेरोजगारों को गुमराह किया जा रहा है। कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से रिजल्ट जारी नहीं किया जा रहा है। इससे हजारों युवाओं का भविष्य दांव पर लगा हुआ है।

### ओबीसी वर्ग को मौका देने की मांग

उधर वन रक्षक भर्ती में ओबीसी वर्ग को मौका देने की मांग को लेकर पूर्व मंत्री और बायतू विधायक हरीश चौधरी ने कर्मचारी चयन बोर्ड के चेयरमैन मेजर जनरज आलोक राज को पत्र लिखा है। विधायक चौधरी ने पत्र में ओबीसी वर्ग के साथ कुठाराघात करने का आरोप लगाते हुए लिखा कि छह दिसम्बर को वन रक्षक भर्ती परीक्षा का परिणाम जारी हुआ था। इसमें ओबीसी वर्ग गके 175 पद होते हुए भी एक भी युवा का चयन नहीं हुआ। वहीं 175 पदों पर आरक्षण के जरिए भर दिया गया। इससे ओबीसी वर्ग के युवाओं में निराशा है। उन्होंने चेयरमैन से नए नियमों से परिणाम दोबारा जारी करने की मांग रखी है।

ईओ-आरओ भर्ती की पात्रता जांच के दौरान हुआ खुलासा

# प्रवेश-पत्र में छेड़छाड़ पर मामला दर्ज

बेधड़क | जयपुर




राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से रेवेन्यू ऑफिसर ग्रेड-द्वितीय एवं राजस्व अधिकारी ग्रेड-चतुर्थ की परीक्षा के प्रवेश-पत्र में जालसाजी कर परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करवाई गई है।

आयोग सचिव ने बताया कि इस परीक्षा के तहत विचारित सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों की पात्रता जांच के दौरान 13 दिसंबर को आरोपी अभ्यर्थी के उपस्थिति-पत्रक का मिलान विस्तृत आवेदन-पत्र के साथ संलग्न की गई फोटो एवं हस्ताक्षर से तथा आयोग के पास उपलब्ध अभ्यर्थी के ऑनलाइन रिकार्ड से करवाया गया। इस जांच के दौरान अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन में अपलोड की गई फोटो, काउंसलिंग के दौरान विस्तृत आवेदन पर चस्पा की गई फोटो एवं परीक्षा केंद्र पर प्रस्तुत किए गए उपस्थिति-पत्रक पर मौजूद फोटो में अंतर पाया गया। इससे आरोपी अभ्यर्थी पुष्पेन्द्र कुमार मीना द्वारा परीक्षा केंद्र पर प्रस्तुत किए जाने वाले उपस्थिति-पत्रक की स्कैन्ड फोटो बदलने का खुलासा हुआ। इसके साथ ही आरोपी अभ्यर्थी की ओर से आयोग द्वारा जारी प्रवेश-पत्र में अंकित जन्म दिनांक 1.09.1991 में भी हेरफेर कर 01.09.1997 कर दिया गया। आयोग के सहायक अनुभाग अधिकारी शिवराज की ओर से पुलिस थाना सिविल लाइन, अजमेर में आरोपी अभ्यर्थी के खिलाफ मामला दर्ज कराय गया है।

उल्लेखनीय है कि आयोग द्वारा इस परीक्षा का आयोजन 14 मई 2023 को किया गया था। इसके फलस्वरूप पात्रता जांच के लिए विज्ञापित पदों के विरुद्ध दो गुना अभ्यर्थियों की विचारित सूची 21 नवंबर 2023 को जारी की गई थी। इसमें सम्मिलित अभ्यर्थियों की काउंसलिंग का आयोजन 11 दिसंबर से 13 दिसंबर 2023 तक किया गया था।

## जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल ने की मिश्र से भेंट

*बेधड़क, जयपुर। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने गुरुवार को राजभवन में राज्यपाल कलराज मिश्र से मुलाकात की। राज्यपाल मिश्र और सिन्हा की यह शिष्टाचार भेंट थी। इस दौरान दोनों में कई विषयों पर चर्चा भी हुई।*



3.5 करोड़ की लागत से डेवलप हो रहा एरिया

# बायोलॉजिकल पार्क में पर्यटक जल्द उठा सकेंगे टाइगर सफारी का लुत्फ

बेधड़क | जयपुर



सब कुछ ठीक रहा तो आने वाले कुछ दिनों में जयपुर आने वाले पर्यटक अब नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में भी टाइगर सफारी का लुत्फ उठा सकेंगे। इसके लिए वन विभाग तैयारियों में जुटा है।

वन विभाग की ओर से नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में जेडीए के माध्यम से यह टाइगर सफारी के लिए कार्य करवाए जा रहे हैं। यह कार्य आगामी चार-पांच महीने में हो जाएंगे। इसके बाद टाइगर लाने की कवायद शुरु की जाएगी। सेंट्रल जू अर्थॉरिटी ने दो टाइगर लाने की अनुमति भी दे दी है। गौरतलब है कि नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में लायन सफारी के साथ-साथ अब टाइगर सफारी भी शुरु करने की योजना पर वन विभाग काम कर रहा है। इधर, झालाना और आमागढ़ में लेपर्ड सफारी पहले से ही पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। यहां हालात ये हैं कि टूरिस्ट सीजन में झालाना में पर्यटकों को ऑनलाइन टिकट मिलना मुश्किल हो जाती है।

जयपुर में अभी झालाना लेपर्ड सफारी, आमागढ़ लेपर्ड सफारी, नाहरगढ़ लायन सफारी और आमेर की एलीफेंट सफारी चलाई जा रही है। अब नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में टाइगर सफारी शुरू होने के बाद जयपुर पहला शहर होगा जहां चार सफारी एक साथ चलेगी। बायोलॉजिकल पार्क में टाइगर लाने के लिए वन विभाग एक्सचेंज प्रोग्राम का सहारा लेगा। इसके लिए विभाग प्रयासों में जुटा हुआ है।

### 8 किमी का सफारी ट्रेक हो रहा तैयार

टाइगर सफारी के लिए नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में करीब 30 हेक्टेयर एरिया में टाइगर सफारी बनाने का कार्य किया जा रहा है। यहां करीब 8 किलोमीटर लंबा सफारी ट्रैक पर्यटकों के लिए तैयार हो रहा है। टाइगर सफारी में छायादार पेड़-पौधे लगाए जाएंगे, ताकि पूरे 12 महीने हरियाली बनी रहे। इस सफारी के लिए सफारी एरिए में 5 फीट ऊंची फेंसिंग की जाएगी। साथ ही 10 नाइट शेल्टर बनाए जाएंगे।वन्यजीवों को पानी पीने के लिए वाटर बॉडीज बनाई जाएगी।

### पहले फेज का काम पूरा, दूसरा होगा शुरू

नाहरगढ़ में टाइगर सफारी के लिए 30 हेक्टेयर की भूमि पर करीब 3.5 करोड़ रुपए की लागत से कार्य करवाए जा रहे हैं। इस सफारी का फर्स्ट फेज का काम पूरा हो चुका है। सेकेंड फेज का काम शुरु हो रहा है। टाइगर सफारी के लिए दूसरे चिड़ियाघरों से टाइगर लाने के लिए एंक्लोजर तैयार किए जा रहे हैं। सभी काम होने के बाद टाइगर लाने की प्रक्रिया शुरू होगी।

### पहले लाया जाएगा 1 जोड़ा

वन विभाग की के अनुसार शुरुआती दौर में इस टाइगर सफारी में एक मेल और एक फीमेल टाइगर को लाया जाएगा, ताकि 30 हेक्टेयर के क्षेत्र में पर्यटकों को टाइगर की साइटिंग आसानी से हो सके। इस सफारी के शुरू होने के बाद पर्यटकों को प्राकृतिक नजारों के बीच टाइगर को देखने का मौका मिलेगा। इसके साथ ही सफारी में चलने के लिए नए वाहनों के टेंडर जल्द किए जाएंगे, बंद गाड़ियों में पर्यटक टाइगर सफारी का लुत्फ उठा सकेंगे।

“ नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में टाइगर सफारी शुरू करने के लिए कार्य किए जा रहे हैं। उम्मीद की जा रही हैं चार से पांच माह में यह कार्य पूरा हो जाने के बाद टाइगर सफारी शुरू की जाएगी।
**संग्राम सिंह, डीसीएफ, जयपुर चिड़ियाघर।**

## जरूरी खबर

### सिक्योरिटी गार्ड को ट्रक ने टक्कर मारी, मौत



**जयपुर।** अजमेर-मुम्बई एक्सप्रेस हाईवे पर दौलतपुरा पुलिया के पास वाहन जांच के दौरान गुरुवार को आरटीओ दस्ते में तैनात गार्ड को ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौत हो गई। दौलतपुरा थाना पुलिस ने कांवटिया अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। इस संबंध में आरटीओ इंस्पेक्टर राजेश चौधरी ने बताया कि दौलतपुरा पुलिया के पास वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान एक ट्रक चालक ने तेज गति व लापरवाही से चलाते हुए पास खड़े सिक्योरिटी गार्ड दांतारामगढ़ खाटूश्याम निवासी राजेंद्र कुमार गढ़वाल को टक्कर मार दी। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से वाहन सहित फरार हो गया। चौधरी ने बताया कि मृतक सिक्योरिटी गार्ड राजेन्द्र गढ़वाल एक्स आर्मी मैन था। उसके दो बेटियां हैं, एक आठवीं व दूसरी नवीं में पढ़ती है तथा एक 5 साल का बेटा है।

### टोहाना स्टेशन पर रुकेगी दिल्ली-श्रीगंगानगर ट्रेन

**जयपुर।** रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए दिल्ली-श्रीगंगानगर-दिल्ली रेलसेवा का टोहाना स्टेशन पर प्रयोगिक तौर पर आगामी आदेशों तक ठहराव शुरू किया है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार गाड़ी संख्या 12481, दिल्ली-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस रेलसेवा जो 16 दिसंबर से दिल्ली से प्रस्थान करेगी, वह टोहाना स्टेशन पर दोपहर 4:05 बजे आएगी एवं 4:07 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 12482, श्रीगंगानगर-दिल्ली एक्सप्रेस रेलसेवा जो 16 दिसंबर से श्रीगंगानगर से प्रस्थान करेगी, वह टोहाना स्टेशन पर सुबह 10:11 बजे पहुंचेगी और सुबह 10:13 बजे प्रस्थान करेगी।

सच बेधड़क मीडिया ग्रुप के फाउंडर और एडिटर इन चीफ ने उपमुख्यमंत्री से की मुलाकात

# विनायक शर्मा ने दीया कुमारी को गुलदस्ता भेंट कर दी बधाई

**बेधड़क** | जयपुर

सच बेधड़क मीडिया ग्रुप के फाउंडर और एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा ने गुरुवार को डिप्टी सीएम दीया कुमारी से मुलाकात की। विनायक शर्मा ने बुके भेंटकर उन्हें डिप्टी सीएम बनने पर बधाई दी। इस दौरान विनायक शर्मा और दीया कुमारी के बीच वार्तालाप हुई।

इस दौरान दीया कुमारी ने कहा कि विनायक जी आप पर शोध होना चाहिए। इतनी कम उम्र में और इतने कम समय पर जो ऊंचाई अपने हासिल की है काबिल-ए-तारीफ है। सहज मुस्कान के साथ विनायक शर्मा ने कहा कि इसमें आपका योगदान है। वहां मौजूद लोगों ने इस पर तालियां बजाई। दीया कुमारी और सच बेधड़क मीडिया ग्रुप के फाउंडर और एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा ने अपने सवाई माधोपुर के समय को भी याद किया। गौरतलब है कि सवाई माधोपुर में विधायक का चुनाव लड़ने के दौरान दीया कुमारी और विनायक शर्मा की मुलाकात हुई थी। दीया कुमारी ने 2016 की उस घटना का भी जिक्र किया, जब विनायक शर्मा ने उन्हें कहा था कि आपका राजस्थान इंतजार कर रहा है। हालांकि, उस समय उन्होंने आश्चर्य व्यक्त किया था, लेकिन आज वह कथन सही साबित हुआ। इस मुलाकात के दौरान दीया कुमारी और विनायक शर्मा के साथ वहां मौजूद लोग फोटो खिंचवाते और सेल्फी लेते हुए भी नजर आए।



अभिवादन



स्वागत



...और संवाद

CM के शपथ ग्रहण समारोह के चलते आज विशेष होगी यातायात व्यवस्था

# VVIP रोड दिन भर रहेगा VVIP हस्तियों से गुलजार

## रामनिवास बाग और जेएलएन मार्ग पर वाहनों का आवागमन रहेगा बंद

**बेधड़क** | जयपुर

नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुक्रवार को रामनिवास बाग स्थित अल्बर्ट हॉल के सामने शपथ ग्रहण करेंगे। उनके साथ के साथ दो उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा भी शपथ लेंगे। समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह सहित कई राज्यों के मुख्यमंत्री और केन्द्रीय मंत्रियों के आने की संभावना है। ऐसे में यातायात पुलिस ने शुक्रवार को शहर की यातायात व्यवस्था में विशेष व्यवस्था की है। इस दौरान रामनिवास बाग के अंदर से संचालित होने वाले सामान्य यातायात को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। इसके साथ ही जेएलएन मार्ग पर भी यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। एयरपोर्ट से रामनिवास बाग तक सामान्य परिवहन बंद रहेगा।

रामनिवास बाग के बाहरी रास्तों पर अति आवश्यक सेवाओं के वाहनों का आवागमन चालू रहेगा। वहीं, एसएमएस अस्पताल में मरीज को दिखाने के लिए मरीज और उनके परिजन आ-जा सकेंगे।

### सामान्य गाड़ियों के लिए ये रहेगा डायवर्ट रूट

- त्रिमूर्ति सर्किल जेएलएन मार्ग की तरफ से आने वाला यातायात आरोग्य पथ तिराहा से सूचना केंद्र की तरफ डायवर्ट होगा।
- सूचना केंद्र तिराहा से आरोग्य पथ तिराहा की तरफ जाने वाला यातायात सीधा टोंक रोड पर
- संचालित किया जाएगा।
- न्यू गेट, एमआई रोड, सांगानेरी गेट से आकर रामनिवास बाग में जाने वाले यातायात को
- एमआई रोड से संचालित किया जाएगा।




### भारी वाहन और बसों को किया जाएगा डायवर्ट

- आगरा रोड आने-जाने वाली बसें वनस्थली मार्ग चौराहा, गवर्नमेंट हॉस्टल चौराहा, एमईएस तिराहा, अजमेर रोड से सोडाला चौराहा, 200 फीट चौराहा, बदरवास तिराहा, किसान धर्म कांटा, न्यू सांगानेर रोड, प्रधान वाटिका, बी-2 बाइपास, बी-2 बाइपास चौराहा, जवाहर सर्किल, नंदपुरी तिराहा, हनुमान तिराहा, जगतपुरा पुलिया के नीचे से सीबीआई फाटक, खो-नागोरियान रोड, गोनेर तिराहा से आगरा रोड पर डायवर्ट होगी।
- दिल्ली रोड पर बसें सिंधी कैंप से झोटवाड़ा रोड, सीकर रोड, रोड नंबर 14 से एक्सप्रेस हाई-वे, चंदवाजी से आ-जा सकेंगी।
- अजमेर रोड पर बसें सिंधी कैम्प से वनस्थली मार्ग चौराहा, गवर्नमेंट हॉस्टल चौराहा,अजमेर रोड से सोडाला चौराहा, 200 फीट चौराहा से आ-जा सकेंगी।
- टोंक रोड पर बसें सिंधी कैंप से वनस्थली मार्ग चौराहा, गवर्नमेंट हॉस्टल चौराहा, एमईएस तिराहा, अजमेर रोड से सोडाला चौराहा, 200 फीट चौराहा, बदरवास तिराहा, किसान धर्म कांटा, न्यू सांगानेर रोड, प्रधान वाटिका, बी-2 बाइपास, बी-2 बाइपास चौराहा से टोंक रोड पर आ-जा सकेगी।

### इन 10 जगहों पर पार्किंग की व्यवस्था

- महाराजा कॉलेज ग्राउंड पार्किंग (रिजर्व)
- महारानी कॉलेज ग्राउंड पार्किंग (रिजर्व)
- गोखले हॉस्टल ग्राउंड पार्किंग (प्रशासनिक अधिकारी, टोंक रोड से प्रवेश)
- रामनिवास बाग के अंदर जेडीए की भूमिगत पार्किंग (आमजन के वाहन)
- रामनिवास बाग के अंदर फुटबॉल ग्राउंड में पार्किंग (आमजन के वाहन)
- रविंद्र मंच के सामने पार्किंग (आमजन के वाहन)
- उद्योग मैदान में पार्किंग (आमजन के वाहन/बस)
- इन्वेस्टमेंट ग्राउड (पोलो सर्किल) (आमजन के वाहन/बस)
- सेंट्रल पार्क गेट नंबर 3-4 के अंदर पार्किंग (आमजन के वाहन)
- चौड़ा रास्ता पार्किंग (रिजर्व)

जेडीए ने रोड सीमा से हटाए अतिक्रमण

# पालड़ी मीणा में 19 जेडीए क्वाटर्स को कब्जा मुक्त करवाया



**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर विकास प्राधिकरण ने गुरुवार को जोन-10 में ईकोलॉजिकल जोन पाड़ली मीणा में 19 जेडीए क्वार्टस को कब्जा और अतिक्रमण मुक्त कराया। वहीं, जोन छह में मुरलीपुरा अल्कापुरी में रोड़ सीमा को अतिक्रमण मुक्त, जोन चार और एक में रामनिवास बाग से एयरपोर्ट तक और जेएलएन मार्ग से राजमार्ग तक रोड सीमाओं को कब्जा मुक्त कराया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन धर्मेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि जोन-10 के क्षेत्राधिकार ईकोलोजिकल जोन पाड़ली मीणा में जेडीए क्वार्टस में अवैध रूप से कब्जा-अतिक्रमण कर रह रहे लोगों को विभाग के अधिकारियों ने समझाया। इस दौरान प्रवर्तन दस्ते ने क्वार्टर्स खाली करवाए और गेटों पर ताले लगवा दिए। इस कार्यवाही में उप नियंत्रक प्रवर्तन-चतुर्थ, प्रवर्तन अधिकारी जोन-10 और प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड और जोन में के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ भी शामिल रहे। वहीं, जोन छह के मुरलीपुरा अल्कापुरी में रोड सीमा पर कब्जा-अतिक्रमण कर अवैध रूप से बनाई दीवार को विभाग राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर ध्वस्त कर दिया। जोन एक व चार में रामनिवास बाग से एयरपोर्ट और जेएलएन मार्ग से राजमार्ग तक रोड सीमा पर अवैध रूप से लगाए गए थड़ी, ठेले, घूमंतू लोगों द्वारा लगाए गए तिरपाल सामान इत्यादि को प्रवर्तन दस्ते ने मजदूरों की सहायता से हटवाकर रोड सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।


जांच के लिए अस्पताल प्रशासन ने बनाई कमेटी

# एसएमएस की इंदिरा रसोई में आग

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी के एसएमएस अस्पताल स्थित ट्रॉमा सेंटर के बाहर इंदिरा रसोई में गुरुवार को अचानक आग लग गई। इससे अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल हो गया। गनीमत रही कि बड़ा हादसा नहीं हुआ। वहीं, घटना के बाद एसएमएस अस्पताल प्रशासन ने जांच कमेटी बनाई है। जांच आने पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

जानकारी के अनुसार आग गुरुवार सुबह एसएमएस अस्पताल के पास स्थित इंदिरा रसोई में लगी। रसोई के अंदर रखे हुए गैस सिलेंडरो में भी आग भभकने लगी। इस पर लोगों ने सूझ-बूझ दिखाते हुए गैस सिलेंडरों को तुरंत बाहर निकाल दिया। दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इंदिरा रसोई में मौजूद कुछ सामान जल गया। गनीमत रही कि आग से किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है।



जयपुर में पारा स्थिर, सप्ताह के अंत में पड़ेगी ठंड

# खिली धूप तो ढीले पड़े सर्दी के तेवर

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी में फिलहाल सर्दी के तेवर थोड़े ढीले पड़े हैं। गुरुवार को भी जयपुर में पारे में स्थिरता देखने को मिली। पिछले तीन दिन से जयपुर में पारे में कोई खास गिरावट नही हुई है। मौसम विभाग की माने तो राजधानी में 19 दिसंबर के बाद मौसम में बदलाव होगा।

न्यूनतम तापमान में गिरावट होगी, जिससे सर्दी बढ़ेगी। गुरुवार को राजधानी जयपुर का न्यूनतम पारा 11.8 रहा जो बुधवार के मुकाबले .03 डिग्री ऊपर रहा। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अगले सप्ताह न्यूनतम तापमान में गिरावट होगी। सर्दी बढ़ने के साथ ही शहर में गर्म कपड़ों की दुकानों पर लोग खरीदारी को उमड़ पड़े। सर्दी से बचाव के लिए लोगों ने गर्म कपड़े पहनने शुरु कर दिए हैं। मानसरोवर के तिब्बती मार्केट में भी लोगों की भीड़ देखी गई। इसके अलावा परकोटा क्षेत्र व शहर के बाहरी बाजारों में सर्दी से बचाव के लिए लोग गर्म कपड़े खरीदते दिखे। सर्दी से बचाव के लिए लोगों के खान पान में बदलाव देखने को मिला है। गजक,रेवड़ी, तिलपट्टी व मूंगफली की खरीदारी करते दिखे। दुकानों पर भी ऊनी कपड़ों को खरीदने वालों की अच्छी खासी तादाद रही।



मुख्य मार्गों पर ही दिख रहा असर, भीतरी मार्गों की हालत खराब

# सफाई का विशेष अभियान, मेयर की सख्ती फिर भी सड़कों पर कचरा

**बेधड़क** | जयपुर

शहर में सफाई को लेकर 15 दिवसीय विशेष अभियान चल रहा है। महापौर ग्रेटर सौम्या गुर्जर ने सफाई को लेकर सख्त हिदायत दे रखी है, इसके बावजूद सड़कों पर कचरे के ढेर लगे हैं। ऐसे में यह सफाई अभियान मात्र दिखावा बन कर रह गया है। हालत यह है कि अभियान के दौरान राजधानी की वीआईपी सड़कों पर ही सफाई चल रही है, अंदर की सड़कों पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। गौरतलब है कि मेयर ने अभियान की शुरुआत करते समय सफाई निरीक्षक और अधिकारियों को सख्त हिदायत दी थी। सफाई व्यवस्था में ढिलाई पर दो अधिकारियों को सीसी नोटिस भी दिया था।



### डोर टू डोर कचरा संग्रहण भी हो रहा बेअसर

हालांकि, ग्रेटर निगम की ओर से हूपर्स लगाकर डोर टू डोर कचरा संग्रहण भी कराने का दावा किया जा रहा है, लेकिन यह भी बेअसर साबित हो रहा है। शहर की कई कॉलोनियों में वर्तमान में भी कचरा संग्रहण हूपर्स समय पर नहीं आ रहे हैं। इससे परेशान होकर कई जगह पर लोगों ने सड़क पर ही कचरा फैंकना शुरू कर दिया है। सबसे ज्यादा दिक्कत मालवीय नगर जोन और सांगानेर जोन में आ रही है। यहां दिनभर कचरा सड़कों पर पड़ा रहता है, जिसमें आवारा पशु मुंह मारते रहते हैं और कचरा सड़क पर फैला देते है। हालांकि, निगम ने डोर टू डोर कचरा कलेक्शन की रियल मॉनिटरिंग और आरएफआईडी के लिए 1 लाख 80 हजार घरों पर व्यवस्था की है। फिर भी सड़कों से कचरा नहीं उठ रहा है। लोगों का कहना है कि कई बार निगम के अधिकारियों को शिकायत भी दी, लेकिन वे भी संसाधन का अभाव होने की बात की टालमटोल कर देते हैं।

### वसूल रहे महीने का 20 लाख रुपए यूजर चार्ज

पिछले 11 महीने से डोर-टू डोर कचरा कलेक्शन के नाम पर ग्रेटर निगम लोगों से 20 रुपए से लेकर 150 रुपए का यूजर चार्ज वसूल रहा है। इसके लिए ग्रेटर निगम के 7 में से 2 जोन, मालवीय नगर और मुरलीपुरा जोन में डोर-टू डोर कचरा कलेक्शन की नई व्यवस्था लागू की जा चुकी है। साथ ही इस जोन के 1 लाख 80 हजार हाउस होल्ड के लिए आरएफआईडी आधारित व्यवस्था शुरू कर दी है, लेकिन इसका कोई असर नहीं दिखाई दे रहा है। कचरा संग्रहण के नाम पर निगम 50 गज के मकान पर 20 रुपए प्रतिमाह, 50 से 300 गज तक 80 रुपए, 300 गज से ऊपर 150 रुपए प्रतिमाह और इसके साथ ही कॉमर्शियल की विभिन्न कैटेगरिज में वूसली कर रहा है। इससे निगम को हर महीने करीब 20 लाख रुपए के करीब आय हो रही है।

### इनका कहना है

"सभी जगहों पर सफाई अभियान में गंभीरता बरती जा रही है। इसके लिए जोन उपायुक्त भी मौके पर निरीक्षण कर रहे हैं। फिर भी लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

**डॉ. सौम्या गुर्जर,** महापौर ग्रेटर निगम

## जरूरी खबर

### पशुपालक को दिया 11 हजार रुपए का इनाम



**अजमेर।** प्रगतिशील पशुपालक संघ के तत्वावधान में आयोजित सम्मान समारोह में पुष्कर मेले में पशुओं के रिकॉर्ड बनने को लेकर पशुपालकों को सम्मानित किया गया। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. नवीन परिहार ने बताया कि खानपुरा निवासी अमजद खान की होलिस्टन गाय ने 24 घंटे में 43 किलो 707 ग्राम दूध देकर रिकॉर्ड कायम किया था। ऐसे में अमजद खान को प्रथम पुरस्कार के रूप में 11 हजार रुपए की नकद राशि भेंट की गई। समारोह में ज्यादा दुग्ध उत्पादन के उपाय भी बताए गए। इस मौके पर रिटायर्ड न्यायाधीश किशन गुर्जर सहित अन्य भी मौजूद रहे।

### वन विभाग का निलंबित रेंजर गिरफ्तार

**हनुमानगढ़।** वनविभाग के निलंबित रेंजर रणवीर मील को रावतसर पुलिस ने दुष्कर्म मामले में गिरफ्तार किया है। वहीं घटना में आरोपी का सहयोग करने के आरोप में बाला तेली को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एक युवती ने रेंजर मील पर नौकरी लगाने का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोल लगाया था। इसके बाद जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद वनविभाग ने उसे निलंबित कर दिया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ युवती की ओर से लगाए गए आरोपी की पुष्टि के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया।

### सैंड आर्टिस्ट ने अपने अंदाज में दी सीएम को बधाई




**अजमेर।** तीर्थ नगरी पुष्कर के सैंड आर्टिस्ट अजय रावत ने पुष्कर के रेतीले धोरों में राजस्थान के नवनियुक्त मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का मिट्टी से चित्र बनाकर उन्हें अपने अंदाज में बधाई दी है। सैंड आर्टिस्ट रावत ने कहा कि नवनियुक्त सीएम भजनलाल शर्मा को बधाई देने के लिए यह कलाकृति बनाई। भगवान ब्रह्माजी से प्रार्थना हैं कि उनका कार्यकाल राजस्थान को विकास के नए आयाम स्थापित करने वाला रहे और राजस्थान कुशल प्रदेश बने।

---

**अब करणपुर विधानसभा सीट के चुनाव को लेकर घमासान, कांग्रेस ने खेला सहानुभूति कार्ड**

# कांग्रेस ने दिवंगत विधायक कुन्नर के बेटे को बनाया प्रत्याशी

बेधड़क | श्रीगंगानगर

प्रदेश की 199 विधानसभा सीटों पर चुनाव के बाद अब शेष बची गंगानगर जिले की करणपुर सीट पर चुनाव का घमासान शुरू हो गया है। इस सीट को हासिल करने के लिए भाजपा और कांग्रेस में एक बार फिर से जोर-आजमाइश शुरू हो गई है।

दोनों पार्टियों ने सभी समीकरण का आंकलन करने के बाद अपने-अपने प्रत्याशी के नाम की घोषणा कर दी है। इसके साथ ही क्षेत्र में चुनावी माहौल भी गरमाने लगा है। कांग्रेस ने इस सीट को अपनी झोली में डालने के लिए सहानुभूति कार्ड खेला है। इसके तहत दिवंगत विधायक गुरमीत सिंह कुन्नर के बेटे रुपिंदर सिंह कुन्नर को टिकट दिया है। वहीं भाजपा ने पूर्व मंत्री सुरेंद्रपाल सिंह टीटी को मैदान में उतारा है। ऐसे में दोनों ही प्रत्याशियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिलेगा।

वहीं करणपुर सीट को जीतने के लिए अन्य पार्टियों व निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी कमर कस ली है। उधर निर्वाचन विभाग की ओर से करणपुर सीट पर चुनाव के लिए प्रत्याशियों के नामांकन जमा कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके तहत गुरुवार को कांग्रेस प्रत्याशी रुपिंदर सिंह कुन्नर ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। गौरतलब है कि चुनाव के लिए नामांकन की आखिरी तारीख 19 दिसंबर है। इसके बाद 20 दिसंबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 22 दिसंबर तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। 5 जनवरी को मतदान के बाद 8 जनवरी को मतगणना होगी। वहीं कांग्रेस के अलावा बीजेपी समेत अन्य पार्टियों के उम्मीदवारों और निर्दलीय प्रत्याशियों ने पहले से नामांकन किया हुआ है।

**रुपिंदर सिंह कुन्नर का BJP के सुरेंद्र पाल सिंह टीटी से होगा मुकाबला**



### इसलिए दिया कुन्नर के बेटे को टिकट

करणपुर सीट पर चुनाव के लिए रुपिंदर ने गुरुवार को नामांकन दाखिल कर दिया। गुरमीत कुन्नर के बेटे को टिकट देकर कांग्रेस ने सहानुभूति कार्ड चला है, वहीं इस सीट पर भाजपा से पूर्व मंत्री सुरेंद्र पाल सिंह टीटी उम्मीदवार हैं। दरअसल, 19 नवंबर को कांग्रेस उम्मीदवार गुरमीत सिंह कुन्नर के निधन के कारण इस सीट पर चुनाव स्थगित कर दिए गए थे। 25 नवंबर को राजस्थान विधानसभा की 200 में से 199 सीटों पर ही चुनाव हुए थे। जानकारों का मानना है कि कांग्रेस में सहानुभूति कार्ड कामयाब रहा है, इसलिए दिवंगत विधायक के बेटे को टिकट दिया गया है।

### तय माना जा रहा था रुपिंदर का नाम

श्रीकरणपुर सीट पर कांग्रेस की ओर से गुरमीत सिंह कुन्नर के बेटे को टिकट देना तय माना जा रहा था। कांग्रेस ने सरकार में रहते हुए उप चुनावों में नेताओं के परिवार के सदस्यों को टिकट दिए थे। इसका उप चुनावों में फायदा भी मिला था। पिछली बार जिन विधायकों का निधन हुआ, उनके बेटे या पत्नी को टिकट दिया गया था। उनमें से ज्यादातर जीत दर्ज करने में सफल रहे। सुजानगढ़ में मास्टर भंवरलाल मेघवाल के निधन के बाद उनके बेटे मनोज कुमार, वल्लभनगर से गजेंद्र शक्तावत की पत्नी प्रीति शक्तावत, सहाड़ा से कैलाश त्रिवेदी की पत्नी गायत्री त्रिवेदी और सरदारशहर से भंवरलाल शर्मा के बेटे अनिल शर्मा को टिकट दिया था। ये सभी प्रत्याशी चुनाव जीतकर विधायक बने।

---

**प्रदेश में तीन दिन शुष्क रहेगा मौसम, फिर गिरेगा तापमान**

# माउंट आबू में पारा लगातार चौथे दिन भी जमाव बिंदु पर

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में फिलहाल सर्दी का असर स्थिर बना हुआ है। मौसम विभाग का दावा है कि फिलहाल 3 दिन मौसम शुष्क रहेगा। उसके बाद 18 दिसंबर के बाद से रात व दिन के तापमान में गिरावट होगी। दूसरी ओर हिल स्टेशन माउंट आबू में पारे का गिरना लगातार जारी है। यहां लगातार चौथे दिन पारा शून्य पर रहा।

इसी प्रकार गंगानगर, हनुमानगढ़, बीकानेर बेल्ट में गुरुवार सुबह आसमान में हल्के बादल छाए रहे। हालांकि यहां बारिश होने की संभावना बहुत कम है। शहरों में गुरुवार का न्यूनतम तापमान भी बुधवार के समान ही रहा। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि राज्य में अगले 4 दिन मौसम इसी तरह बना रहने की संभावना है, लेकिन 18 दिसंबर से राजस्थान समेत मध्य भारत के कई राज्यों में तापमान गिरना शुरू होगा। इसके साथ ही सर्दी का असर भी बढ़ जाएगा। उधर हिल स्टेशन माउंट आबू में सर्दी बढ़ने के साथ ही पर्यटकों की आवक भी बढ़ गई है। यहां बर्फ का नजारा देखकर पर्यटक रोमांचित हो रहे हैं। वहीं माउंट आबू घूमने का उनका आनंद भी दोगुना हो गया है। सुबह-सुबह सर्द माहौल के बीच घने कोहरे के बीच वादियों का अलग ही दिलकश नजारा दिख रहा है। वहीं जगह-जगह दुकानों के बाहर व सड़कों पर लोग आलाव तापते भी नजर आते हैं। बर्फिले मौसम के बीच यहां लगातार देसी-विदेशी पर्यटकों के आने का सिलसिला जारी है। हिल स्टेशन के होटल और धर्मशालाओं में बुकिंग बढ़ रही है। तेज ठंड के बीच सुरम्य वादियों की सैर-सपाटे का पर्यटक आनंद उठा रहे हैं।

**हिल स्टेशन पर लगातार बढ़ रही सैलानियों की तादाद**



### इन शहरों में मौसम रहा साफ

उत्तरी राजस्थान के जिलों को छोड़कर शेष राज्य में गुरुवार को आसमान साफ रहा। सुबह से धूप खिली रही। जयपुर, बीकानेर, जोधपुर, कोटा में गुरुवार को न्यूनतम तापमान भी बुधवार की तरह रहा। माउंट आबू में गुरुवार को भी सुबह वादियों में हल्की बर्फ जमी नजर आई। यहां पिछले 4-5 दिन से तापमान जमाव बिंदु पर दर्ज हो रहा है। वहीं, उदयपुर में गुरुवार को तापमान में करीब एक डिग्री सेल्सियस की गिरावट हुई। इससे यहां का मिनिमम तापमान 8.9 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। ये इस सीजन में यहां का सबसे कम तापमान दर्ज हुआ। उदयपुर में गुरुवार सुबह हल्की धुंध रही, लेकिन सूरज चढ़ने के साथ ही मौसम साफ हो गया। उदयपुर के अलावा डूंगरपुर में भी आज तापमान गिरकर 10.9 पर आ गया, जो शहर का इस सीजन का सबसे कम तापमान रहा।

### प्रमुख शहरों का तापमान

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| अजमेर | 27.1 | 11 |
| भीलवाड़ा | 26 | 8.4 |
| अलवर | 25.2 | 8.5 |
| जयपुर | 25.6 | 11.3 |
| पिलानी | 27.6 | 8.5 |
| सीकर | 25.5 | 6.2 |
| कोटा | 25.7 | 12.1 |
| चित्तौड़गढ़ | 23.4 | 10.1 |
| उदयपुर | 25.4 | 8.9 |
| धौलपुर | 25.4 | 11.3 |
| बारां | 25.7 | 8.7 |
| डूंगरपुर | 27.7 | 10.9 |
| फतेहपुर | 28 | 6.3 |
| करौली | 25 | 8.8 |
| बाड़मेर | 28.7 | 12 |
| पाली | 27.4 | 11 |
| जैसलमेर | 26.1 | 9.6 |
| जोधपुर | 28.1 | 11.2 |
| बीकानेर | 29 | 10.2 |
| चूरू | 27.2 | 8.6 |
| गंगानगर | 23.4 | 9.1 |
| हनुमानगढ़ | 22.6 | 7.2 |
| जालौर | 28.8 | 8.3 |

---

**राजस्थान में 16 को होगा शुभारंभ**

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए उदयपुर को 6 वैन आवंटित

बेधड़क | उदयपुर



केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से पिछले दिनों 15 नवम्बर को प्रारंभ किए गए विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान का राजस्थान में आगाज 16 दिसम्बर से होगा। इसके लिए उदयपुर जिले को 6 जागरूकता वैन आवंटित की गई हैं।

अभियान को लेकर जिला कलेक्टर अरविन्द पोसवाल ने 16 से 22 दिसम्बर तक का कार्यक्रम जारी कर दिया है। इस दौरान प्रत्येक वैन प्रतिदिन दो ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर केन्द्र सरकार की योजनाओं की लोगों को जानकारी देगी। इसके साथ ही प्रत्येक पंचायत पर जागरूक वैन पहुंचने पर स्वागत, प्रधानमंत्री का संदेश सुनाना, विकसित भारत के संबंध में संकल्प दिलाना व यात्रा के संबंध में मूवी का प्रदर्शन आदि कार्यक्रम होंगे। मेरी कहानी-मेरी जुबानी के तहत सफल लाभार्थियों के अनुभव साझा किए जाएंगे। सतत कृषि गतिविधियों के प्रदर्शन, ड्रॉन प्रदर्शन, प्रगतिशील किसानों से प्राकृतिक कृषि व मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर चर्चा होगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में 'धरती कहे पुकार के' तहत स्वच्छता गीत, प्रश्नोत्तरी व स्वयं सहायता समूहों, विद्यार्थियों व स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुति होगी। वहीं उपलब्धि प्राप्त करने वाली महिलाओं, स्थानीय खिलाड़ियों आदि का सम्मान किया जाएगा।

अभियान के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में आयुष्मान भारत, गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अन्त्योदय योजना, पीएम आवास, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, किसान सम्मान, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, स्वामित्व योजना, जनधन, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम व नैनो फर्टिलाइजर योजना के बारे में आमजन को जागरूक कर पात्र लोगों को लाभान्वित किया जाएगा।

इसी प्रकार शहरी क्षेत्र में पीएम स्वनिधि, विश्वकर्मा, उज्ज्वला, मुद्रा लोन, स्टार्टअप इंडिया-स्टैंडअप इंडिया, आयुष्मान भारत, पीएम आवास, उजाला योजना, आदि योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही पात्र लोगों को जोड़ा जाएगा।

---

**गरीब नवाज का 812वां उर्स जनवरी में होगा आयोजित**

# ख्वाजा साहब के उर्स में शामिल होने आएंगे 315 पाक जायरीन

बेधड़क | अजमेर

सूफी संत ख्वाज मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के जनवरी माह में आयोजित होने वाले 812वें उर्स में इस बार पाकिस्तान से 315 जायरीन शामिल होंगे।

उर्स का आगाज 12 या 13 जनवरी से होगा। वहीं 7 जनवरी को उर्स से पहले दरगाह की सबसे ऊंची इमारत बुलंद दरवाजे पर झंडा पेश किया जाएगा। खुफिया विभाग को पाकिस्तानी जायरीन के आगामी माह में अजमेर आने की सूचना मिल गई है, हालांकि अभी पाक उनके आने की तारीख तय नहीं हुई है। उधर अजमेर में ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह में सालाना उर्स की प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां शुरू हो गई है। दरगाह कमेटी की ओर से व्यवस्थाओं के संदर्भ में भी तैयारियां की जारी हैं।



इधर अंजुमन कमेटी और उससे जुड़े खादिम सदस्यों ने भी देश-विदेश में रहने वाले आशिकाने ख्वाजा को उर्स के मौके पर आने के लिए निमंत्रण चिट्ठी भेजना शुरू कर दिया है। हर बार की तरह पाकिस्तानी जायरीन की सुरक्षा और उनके रहने खाने-पीने के इंतजाम को लेकर भी संबंधित सरकारी एजेंसियां सक्रिय हो गई हैं। गौरतलब है कि गत वर्ष 811वें सालाना उर्स के में पाकिस्तान से 240 जायरीन का जत्था अजमेर आया था।

---

**आर्थिक तंगी से परेशान परिवार ने उठाया खौफनाक कदम**

# माता-पिता व 3 बच्चों ने की आत्महत्या

बेधड़क | बीकानेर

जिले में आर्थिक तंगी से परेशान होकर एक ही परिवार के पांच लोगों ने मौत को गले लगा लिया। गुरुवार हुई इस घटना के तहत पति-पत्नी और उनके तीन बच्चों ने आत्महत्या कर ली।

सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं पुलिस ने जांच के लिए घटनास्थल पर एफएसएल टीम को भी बुलाया। इस घटना के बाद से ही पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा गया। बताया जा रहा है कि मृतकों में पति-पत्नी के अलावा उनके दो बेटे और एक बेटी शामिल है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। वहीं, एफएसएल टीम के साथ ही डॉग स्क्वॉड को भी मौके पर बुलाया गया है। आईजी ओम प्रकाश ने बताया कि फिलहाल स्पेशल टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। बताया जा रहा है कि परिवार आर्थिक तंगी से परेशान था। ऐसे में परिवार ने यह खौफनाक कदम उठाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मुक्ता प्रसाद नगर क्षेत्र के अंत्योदय नगर के रहने वाले हनुमान सोनी, उनकी पत्नी और तीन बच्चों ने गुरुवार दोपहर में सुसाइड कर लिया। माना जा रहा है कि पहले चार लोगों ने फंदे से लटक कर सुसाइड किया। इसके बाद पांचवें ने जहर खा लिया। हनुमान सोनी (45) अपनी पत्नी विमला (40), दो बेटे मोहित(18), ऋषि (16) और एक बेटी गुड़िया (14) के साथ पिछले आठ साल से इसी मकान में रह रहा था। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि हनुमान सोनी जेवरात में नगीना गढ़ने का काम करता था है और वह आर्थिक तंगी से भी परेशान था।



---

**विधानसभा अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार अजमेर पहुंचे देवनानी ने कहा...**

# कभी नहीं सोचा था कि पार्टी की तरफ से इतनी बड़ी जिम्मेदारी मिलेगी

बेधड़क | जयपुर

अजमेर। राजस्थान विधानसभा के नए अध्यक्ष बनाए जाने के बाद वासुदेव देवनानी गुरुवार को पहली बार अजमेर पहुंचे। गुदूदू से लेकर अजमेर मार्ग तक उनका भव्य स्वागत किया गया।

अजमेर पहुंचते के बाद देवनानी सबसे पहले पार्टी कार्यालय गए, जहां सीढ़ियों पर उन्होंने शीश नवाया और हाथ जोड़कर प्रणाम किया। इस बीच मीडियाकर्मियों से रूबरू हुए देवनानी खासे भावुक दिखे। उन्होंने कहा पहले कभी नहीं सोचा था, उन्हें इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी जाएगी। उधर देवनानी के गेगल टोल नाके पर पहुंचने पर अजमेर देहात भाजपा के अध्यक्ष देवी शंकर भूतड़ा के नेतृत्व में ग्रामीण भाजपाई कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। यहां से देवनानी का काफिला रसूलपुर तिराहे पर पहुंचा, जहां शहर भाजपा अध्यक्ष रमेश सोनी के नेतृत्व में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं के अलावा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने उनका गर्म जोशी से स्वागत किया। तिराहे पर पहुंचते ही देवनानी ने सबसे पहले भाजपा कार्यालय जाने की इच्छा जताई।

जिले भाजपा कार्यालय पहुंचे देवनानी मीडिया से रूबरू हुए। इस दौरान वे भावुक नजर आए। उन्होंने कहा कि कभी एक कॉलेज में पढ़ने वाला भाजपा का कार्यकर्ता था और आज उस कार्यकर्ता को पार्टी ने इतना बड़ा दायित्व दिया है, इसके लिए मैं पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को धन्यवाद देता हूं। साथ ही नई पारी की शुरुआत से पहले मैं अजमेर भाजपा कार्यालय आया हूं और यहां आकर सभी को प्रणाम करता हूं।





### राजस्थान विकास पथ पर आगे बढ़े यही इच्छा

भावुक हुए देवनानी ने कहा कि राजस्थान विधानसभा का गौरवशाली इतिहास रहा है। उसके गौरव को मैं बनाए रखूंगा। विधानसभा में पक्ष और विपक्ष दोनों के ही विधायक रहते हैं। मैं उनसे आग्रह करूंगा कि वे आम सहमति बनाते हुए अधिक से अधिक विधानसभा में सार्थक बहस करें। देवनानी ने कहा कि विधानसभा की गरिमा और नियम की पालना करते हुए विधायक जनता की समस्या रखें। जनता की समस्या का समाधान हो और राजस्थान विकास के पथ पर आगे बढ़े यही उनकी इच्छा है। साथ ही पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत को विश्व गुरु बनाने का अभियान चल रहा है, इसमें अजमेर ही नहीं, बल्कि पूरे राजस्थान की जनता सहभागी बने। अजमेर के सभी भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं का भी आभार है कि आज मैं यहां तक पहुंचा हूं।

### अजमेर के विकास में तत्परता से करेंगे काम

देवनानी ने कहा कि अजमेर में पेयजल की समस्या का निराकरण करने, साइंस पार्क बनाने और अजमेर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने पर मेरा जोर रहेगा। इसके अलावा अजमेर में कुछ उद्योग स्थापित हो, ताकि बेरोजगारों को रोजगार मिल सके। साथ ही पेपर लीक की घटनाएं भविष्य में दोबारा न हो, इसके लिए भी हम सभी मिलकर पूरी तत्परता से काम करेंगे। उन्होंने कहा कि मेरा दायित्व ऐसा है कि मैं बहुत ज्यादा इन विषयों पर टिप्पणी नहीं कर सकता हूं। स्मार्ट सिटी के अंदर जो बातें ठीक नहीं हुई है, उन्हें भी ठीक करवाने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही जो भी गड़बड़ियां हुई है उसकी जांच कराई जाएगी।

## फॉरेन इंस्टीट्यूट में एडमिशन लेने के लिए वित्तीय प्लानिंग है अहम

# पढ़ने के लिए विदेश जाना है तो सबसे पहले करें 'फाइनेंशियल फील्डिंग'

**बेधड़क** | जयपुर

पिछले कुछ सालों में भारतीय विदेशी शिक्षा उद्योग कई गुना बढ़ गया है। पढ़ाई के लिए विदेश जाने वाले भारतीय छात्रों की संख्या में लगातार वृद्धि के साथ यह अनुमान लगाया गया है कि 2025 तक विदेशों में पढ़ने वाले 20 लाख से अधिक भारतीय छात्र होंगे जिनका अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा पर संयुक्त खर्च 100 बिलियन डॉलर से अधिक होगा। हाल ही में आई एक रिपोर्ट में जीवन की बेहतर गुणवत्ता, कॅरियर के अवसरों की अधिकता और उच्च वेतन के कारण विदेश में



अध्ययन की संभावनाओं को साझा किया गया है। इसमें बताया गया है कि विदेश में शिक्षा की औसत अनुमानित लागत 38,500 डॉलर है जो भारतीय मुद्रा में करीब 32 लाख रुपए है। छात्रों को विदेश में शिक्षा की योजना बनाने के लिए कई बिंदुओं पर विचार करने की आवश्यकता होती है जिसमें ट्यूशन फीस, आवास लागत, रहने का खर्च और सबसे उपयुक्त प्रकार का ऋण आदि शामिल हैं। इससे पहले छात्रों के पास अपनी विदेशी शिक्षा की फंडिंग के लिए सीमित विकल्प थे। हालांकि, आज छात्र और अभिभावकों के सामने फंडिंग के कई विकल्प हैं। जानकारों के मुताबिक अंतिम समय की किसी भी परेशानी से बचने के लिए पहले से ही फंडिंग की योजना बनाना महत्वपूर्ण है।

विदेश में अध्ययन करना भविष्य के लिए एक निवेश है और एक सफल निवेश करने के लिए अच्छी प्लानिंग बेहद जरूरी है। विदेश में अध्ययन के लिए फंडिंग की योजना बनाने के लिए प्रस्तुत हैं मुख्य सुझाव-

## फंडिंग की योजना बनाने के लिए इन स्टेप्स को करें फॉलो

### विदेश में अध्ययन की लागत का अनुमान लगाएं

छात्र आमतौर पर अपनी ट्यूशन फीस और आवास के वित्तपोषण के लिए ऋण लेते हैं लेकिन अपने बजट का निर्धारण करते समय प्रस्थान पूर्व व्यय पर विचार नहीं करते। विश्वविद्यालय, हवाई किराया, छात्र वीजा, चिकित्सा परीक्षण और बीमा मिलकर कुल बजट का एक आवश्यक घटक बनते हैं। किसी विशेष देश में रहने की लागत शहर-दर-शहर भिन्न होती है। इसके अलावा कोचिंग की जरूरत को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए। इन संभी बिंदुओं से स्पष्ट मुद्रास्फीति के अनुसार खर्च का अनुमान लगाना चाहिए।

### प्रवेश तिथियों पर नजर रखें

एक मजबूत आवेदन के लिए यह जरूरी है कि छात्र जल्दी योजना बनाएं और आवेदन की समय सीमा के बारे में जागरूक रहें। आमतौर पर, विदेश में अध्ययन करने वाले आवेदकों को कम से कम एक वर्ष पहले शुरू करना चाहिए। फंडिंग के लिए प्रभावी ढंग से तैयारी करने के लिए छात्रों को उनके द्वारा चुने गए विश्वविद्यालयों की आवेदन की समय सीमा को पूरा करना होगा।

### इंटर्नशिप और पार्ट टाइम जॉब्स का पता लगाएं

विदेश में पढ़ाई के दौरान आय बढ़ाने के लिए इंटर्नशिप या पार्ट टाइम जॉब उत्कृष्ट अवसर हैं। ये छात्रों को कम उम्र में काम करने, कमाई करने और जिम्मेदारी लेने का वास्तविक दुनिया का अनुभव प्रदान करते हैं। छात्रों को शहर या देश में न्यूनतम वेतन पर अच्छी तरह से शोध करने और उसके अनुसार अंशकालिक नौकरियों के लिए आवेदन करने की आवश्यकता हो सकती है।

### विशेषज्ञों की सलाह लें

छात्र विदेश में अध्ययन करने वाले परामर्शदाताओं से परामर्श करके अपने कार्यक्रम विकल्पों को सीमित कर सकते हैं जो शैक्षिक, वित्तीय, सांस्कृतिक और व्यक्तिगत प्राथमिकताओं का आकलन कर सकते हैं। छात्रों को समर्थन और सहायता देने में उनके व्यापक अनुभव के कारण ये विशेषज्ञ देश, कॉलेज, पाठ्यक्रम और यहां तक कि फंडिंग ऑप्शन्स के संबंध में व आवेदन प्रक्रिया के बारे में सबसे अधिक अपडेट रहते हैं। वित्तीय मामलों पर विचार करने से पहले, उम्मीदवारों को अपने परिवार के साथ एक बजट बनाना चाहिए और अपने परामर्शदाता के साथ इस पर चर्चा करनी चाहिए।





## एजुकेशन लोन लेते समय इन बातों का रखें ध्यान

### ऋण के प्रकार

मोटे तौर पर विभाजित, ऋण दो प्रकार के होते हैं - सुरक्षित और असुरक्षित। सुरक्षित ऋण किसी प्रतिभूति के बदले मिलता है जबकि असुरक्षित के लिए किसी प्रतिभूति की जरूरत नहीं होती।

### किससे ऋण प्राप्त कर सकते हैं

आप सरकारी वित्तीय संस्थानों, निजी और सार्वजनिक बैंकों, गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियों (एनबीएफसी) और नए जमाने की वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) ऋणदाताओं से शैक्षिक ऋण प्राप्त कर सकते हैं।

### पुनर्भुगतान के तरीके

पाठ्यक्रम पूरा होने के बाद नियमित मासिक ईएमआई पुनर्भुगतान का सबसे आम तरीका है। अपनी सुविधा के अनुसार पुनर्भुगतान के तरीकों में से कोई भी तरीका चुन सकते हैं।

### ब्याज दर

यह निश्चित या परिवर्तनशील हो सकती है। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि हालांकि परिवर्तनीय ब्याज दरों पर ऋण पहली बार में सस्ता लग सकता है, लेकिन मौजूदा बढ़ती दरों के साथ, उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि निश्चित ब्याज दरों पर ऋण एक बेहतर और समझदार विकल्प है। आपको किस प्रकार की ब्याज दर चुननी चाहिए, इसका निर्णय लेते समय हमेशा तुलना करें और दीर्घकालिक सोचें।

### सेल्फ फंडिंग

कुछ छात्रों के लिए अपनी शिक्षा के लिए अपनी पारिवारिक संपत्ति और बचत का उपयोग करना आम बात है। सेल्फ फंडिंग के लिए वैधानिक आवश्यकता के लिए बैंक सॉल्वेंसी पत्र, सावधि जमा (एफडी) प्रमाणपत्र और बैंक विवरण जैसे आधिकारिक दस्तावेजी साक्ष्य की आवश्यकता होती है।

## Yuva स्टोरीज

# लंदन: उच्चायुक्तालय में क्रिसमस सेलिब्रेशन



**लंदन (बेधड़क ब्यूरो)।** लंदन के भारतीय उच्चायुक्तालय ने इंडिया हाउस में क्रिसमस का पर्व सेलिब्रेट किया। इस अवसर पर इंडिया हाउस को क्रिसमस के रंगों से सजाया गया। सुंदर और प्रेरणादायक क्वायर प्रस्तुतियों ने इस उत्सव को और भी स्वर्णिम बना दिया। सभी उपस्थित लोगों ने इस मौके पर खूबसूरत गीतों और संगीत का आनंद लिया।

इस दौरान इंडिया हाउस का माहौल त्योहारी उल्लास से भरा रहा। आर्चबिशप और कई ब्रिटिश लोग भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

### यूके में मना भाजपा की जीत का जश्न

**लंदन (ब्यूरो)।** ओवरसीज फ्रैण्ड्स ऑफ बीजेपी, यूनाइटेड किंगडम ने भारत के तीन राज्यों में भाजपा की जीत का जश्न लंदन में मनाया। इस खास मौके पर लोगों ने नृत्य, संगीत और मिठाईयों के साथ मिलकर भाजपा की जीत की खुशियां मनाईं। ओएफ बीजेपी यूके के अध्यक्ष कुलदीप शेखावत के नेतृत्व में सदस्यों ने भाजपा की ऐतिहासिक सफलता को गर्व से याद किया। समारोह में कुलदीप सिंह ने भाजपा के कार्यक्षेत्र में की गई प्रमुख पहलों की चर्चा की और इस जीत के पीछे के राजनीतिक दृष्टिकोण को साझा किया। समारोह में भारतीय नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर लंदप के एमपी बॉब ब्लैकमैन ने भाजपा के कार्यक्षेत्र में किए गए सकारात्मक कार्यों की चर्चा की।



## एमजीडी गर्ल्स स्कूल में शुरू हुई वार्षिक प्रदर्शनी

# छात्राओं ने रचा क्रिएटिविटी का संसार

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर। एमजीडी गर्ल्स स्कूल की छात्राओं ने गुरुवार को विद्यालय परिसर में अपने हुनर से रचनात्मकता का संसार रचा। विद्यालय की दो दिवसीय वार्षिक प्रदर्शनी का शुभारंभ गुरुवार को हुआ जिसमें छात्राओं ने विभिन्न विषयों एवं विद्यालय के विभिन्न क्लबों की गतिविधियों से संबंधित स्वनिर्मित मॉडल्स, कलात्मक वस्तुओं, चरित्रों आदि को प्रस्तुत किया।



स्टूडेंट्स ने इस दौरान आगंतुकों को विभिन्न विषयों पर आधारित खेल भी खिलाए। अंग्रेजी विभाग की अध्यापिकाओं के सहयोग से विभिन्न विधाओं पर छात्राओं द्वारा रचित अस्सी से अधिक पुस्तकें भी प्रदर्शित की गईं। छात्राओं ने विद्यालय परिसर में अभिज्ञान शाकुंतलम् एवं शेक्सपियर के साहित्य के प्रसिद्ध चरित्रों, भारतीय सैनिकों के प्रशिक्षण, राजस्थान की कला, प्रसिद्ध वैज्ञानिकों और वैज्ञानिक प्रयोगों आदि को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। इस अवसर पर अभिभावकों एवं अन्य अतिथियों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। विद्यालय की प्राचार्या अर्चना एस मानकोटिया एवं विद्यालय परिवार के अन्य गणमान्य सदस्यों ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया एवं विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया।



# दिव्य पारीक को भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट कमीशन



**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर के जवाहर नगर क्षेत्र निवासी दिव्य पारीक को सेना की गोरखा राइफल्स रेजिमेंट में बतौर लेफ्टिनेंट कमीशन मिला है। दिव्य ने इंडियन मिलिट्री एकेडमी, देहरादून में पासिंग आउट समारोह में भारतीय ध्वज को साक्षी मानकर शपथ ली। इस मौके पर दिव्य के पिता कर्नल डॉ. अनुपम पारीक, माता मीनाक्षी पारीक, भाई प्रणव पारीक व दादी पुष्पा पारीक भी मौजूद थे।

दिव्य व प्रणव जुड़वां भाई हैं और प्रणव भी अभी भारतीय सैन्य अकादमी देहरादून में ट्रेनिंग ले रहे हैं। इनके पिता अनुपम पारीक ने सेना में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी के रूप में सेवाएं दी हैं।

**अवसर** | आज से शुरू होंगे आवेदन, 26 दिसंबर आवेदन की अंतिम तिथि

# RAS भर्ती में अभ्यर्थियों को पुनर्गणना का मौका

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान लोक सेवा आयोग ने राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा-2021 के 17 नवंबर को जारी साक्षात्कार परिणाम में सफल रहे अभ्यर्थियों को प्राप्तांको की पुनर्गणना कराने का अवसर दिया है।

आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि साक्षात्कार में सफल रहे अभ्यर्थी प्राप्तांको की पुनर्गणना के लिए 15 दिसंबर से 26 दिसंबर रात्रि 12 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए आयोग की वेबसाइट पर एग्जाम डैशबोर्ड के अंतर्गत इंस्ट्रक्शन/लिंक कॉलम में उपलब्ध




लिंक के माध्यम से आवेदन किया जा सकेगा। पुनर्गणना के लिए प्रति प्रश्न 25 रुपए की दर से शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करना होगा। ऑफलाइन प्रस्तुत किए गए प्रार्थना-पत्र व शुल्क को स्वीकार नहीं किया जाएगा। गौरतलब है कि इस परीक्षा के भर्ती नियम 1999 के नियम 18(1) में उत्तर पुस्तिकाओं के प्राप्तांकों की पुनर्गणना का प्रावधान है। हालांकि अभ्यर्थी प्राप्तांकों की पुनर्गणना ही करवा सकेंगे, उत्तर पुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन नहीं करवाया जा सकेगा।

### 19 MGGS में पद स्वीकृत


**जयपुर।** शिक्षा विभाग ने प्रदेश के 19 महात्मा गांधी स्कूलों में पद आवंटित किए हैं। इन स्कूलों में सीनियर टीचर के छह, सामान्य अध्यापक के सात, पीटीआई ग्रेड सेकेंड का एक, कनिष्ठ सहायक का एक और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का एक पद स्वीकृत किया गया है। ऐसे में प्रत्येक स्कूल में 16 पद स्वीकृत हुए हैं। भरतपुर में एसबीके राजकीय सीनियर सैकंडरी स्कूल विंग दो, बीकानेर में महात्मा गांधी स्कूल सर्वोदय बस्ती, एमएम स्कूल, जयपुर में बनीपार्क स्कूल, खातीपुरा में शहीद मेजर दिग्विजय सिंह स्कूल, जोधपुर के माता का थान स्थित महात्मा गांधी स्कूल, जोधपुर के ही पुंजाला, बालसमंद, पाबूपुरा, महामंदिर स्कूल में भी पद दिए गए हैं। बांसवाड़ा के फालवा, बीकानेर के जवाहर स्कूल, भट्टर स्कूल, सुजानदेसर स्कूल, जोधपुर के मंडोर नं.-1 स्कूल, जयपुर के रोजड़ा, राजीव नगर भट्टा बस्ती, जयसिंहपुरा खोर और जोधपुर के तिनवारी स्कूल में पद स्वीकृत किए गए हैं।

# हर नागरिक के अधिकार हैं, पर कुछ जिम्मेदारियां भी!



ज़ाहिद ख़ान
स्वतंत्र टिप्पणीकार

आज हम जिस भारत को देखते हैं, उसका तसव्वुर शायद ही सरदार वल्लभ भाई पटेल के नाम के बिना पूरा हो। सरदार पटेल ही वे शख़्शियत थे, जिन्होंने हमारे देश के छोटे-छोटे रजवाड़ों और राजघरानों को एक कर भारत में शामिल किया। सारी रियासतों को एकसूत्र में बांधा। उनकी मज़बूत इच्छा शक्ति, बेहतरीन नेतृत्व का ही कमाल था कि 600 देशी रियासतों का देखते-देखते भारतीय संघ में विलय हो गया। सरदार पटेल का स्पष्ट मानना था कि जिस प्रकार देश में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति के संवैधानिक नागरिक अधिकार हैं, उसी प्रकार उसकी राष्ट्र के प्रति कुछ जिम्मेदारियां भी होती हैं। बिस्मार्क ने जिस तरह से जर्मनी के एकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, ठीक उसी तरह से सरदार पटेल ने भी आजाद भारत को एक विशाल राष्ट्र बनाने में अपना योगदान दिया। देश के एकीकरण में सरदार पटेल के महान योगदान की वजह से ही उन्हें लौह पुरुष कहा जाता है। आधुनिक भारत के निर्माता के रूप में ही नहीं, बल्कि देश की आज़ादी के संघर्ष में भी सरदार पटेल का अहम योगदान है। दीगर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की तरह सरदार पटेल भी महात्मा गांधी के विचारों से बेहद प्रभावित थे। गांधी जी के विचारों से ही प्रेरित होकर उन्होंने स्वतंत्रता आन्दोलन में हिस्सा लेना शुरू किया था। स्वतंत्रता आंदोलन में सरदार पटेल ने सबसे पहली भूमिका खेड़ा संघर्ष में निभाई। गुजरात का खेड़ा खंड (डिविजन) उन दिनो भयंकर सूखे की चपेट में था।




किसान अकाल से मुश्किल में थे और यहां तक कि उन्हें खाने के लाले पड़े हुए थे। ऐसे विकराल हालात में किसानों ने अंग्रेज़ सरकार से टैक्स में छूट की मांग की। लेकिन अंग्रेज़ हुकूमत ने किसानों की इस मांग को निर्ममता से ठुकरा दिया। जब यह मांग मंजूर नहीं हुई, तो सरदार पटेल एवं महात्मा गांधी ने किसानों का नेतृत्व किया और उन्हें कोई टैक्स नहीं देने के लिए प्रेरित किया। किसानों का यह संघर्ष रंग लाया और आख़िरकार अंग्रेज़ सरकार को उनकी मांगों के आगे झुकना पड़ा। किसानों को उस साल टैक्स में राहत मिली। भारतीय स्वाधीनता संग्राम के दौरान साल 1928 में गुजरात में हुआ बारडोली आंदोलन, एक और ऐसा प्रमुख किसान आंदोलन था, जिसका नेतृत्व सरदार वल्लभभाई पटेल ने किया। उस वक्त प्रांतीय सरकार ने किसानों के लगान में तीस फीसदी तक इज़ाफ़ा कर दिया था। पटेल ने किसानों को एक बार फिर अपने साथ लेकर, इस लगान वृद्धि का जमकर विरोध किया। अंग्रेज़ सरकार ने आंदोलन को कुचलने के लिए पहले तो कठोर क़दम उठाए, लेकिन यहां भी आख़िरकार उसे झुकना पड़ा। सरकार ने किसानों की सारी मांगें मान लीं। इस सत्याग्रह आंदोलन के सफल होने के बाद बारडोली की महिलाओं ने वल्लभभाई पटेल को 'सरदार' की उपाधि प्रदान की। देश की आज़ादी के बाद सरदार पटेल की भूमिका ख़त्म नहीं हुई, बल्कि उनके सामने अब नई चुनौतियां थीं। उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती, देश की छोटी-छोटी रियासतों को एक करने की थी। आज़ाद भारत में उन्हें उप प्रधानमंत्री और गृहमंत्री जैसे महत्वपूर्ण पद की ज़िम्मेदारी मिली। प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने भारतीय रियासतों के विलय की मुश्किल ज़िम्मेदारी उन्हें सौंपी।

सरदार वल्लभ भाई पटेल ने अपनी इस ज़िम्मेदारी को बख़ूबी निभाया। उन्होंने सबसे पहले रियासतों के प्रति नीति को स्पष्ट करते हुए कहा, ''रियासतों को तीन विषयों सुरक्षा, विदेश तथा संचार व्यवस्था के आधार पर भारतीय संघ में शामिल किया जाएगा।'' सच बात तो यह है कि सरदार पटेल ने आज़ादी के ठीक पूर्व से ही यानी संक्रमण काल में पी.वी. मेनन के साथ मिलकर, कई देशी राज्यों को भारत में मिलाने के लिये कार्य आरम्भ कर दिया था। पटेल और मेनन ने देशी राजाओं को समझाया कि उन्हें स्वायत्तता देना मुमकिन नहीं होगा। नतीजतन तीन को छोड़कर, बाक़ी सभी रजवाडों ने स्वेच्छा से भारत में विलय का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया। 15 अगस्त, 1947 तक हैदराबाद, कश्मीर और जूनागढ़ को छोड़कर, बाक़ी भारतीय रियासतें 'भारत संघ' में शामिल हो गईं। जूनागढ़ के नवाब के ख़िलाफ़ जब बहुत विरोध हुआ, तो वह भागकर पाकिस्तान चला गया। इस तरह जूनागढ़ भी 9 नवम्बर, 1947 को भारत में मिल गया। सबसे ज्यादा दिक्कत हैदराबाद के विलय में आई। हैदराबाद के निज़ाम ने भारत में विलय का प्रस्ताव नामंज़ूर कर दिया। इस सीधी-सीधी बग़ावत का सरदार पटेल पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। उन्होंने तुरंत वहां भारतीय सेना भेजी और निज़ाम को आत्मसमर्पण के लिए मजबूर कर दिया। इस तरह साल 1948 में हैदराबाद का विलय भी महज़ चार दिन के संघर्ष के बाद भारत में हो गया।

आज़ादी के बाद सरदार पटेल को ज्यादा लंबी ज़िंदगी नहीं मिली। 15 दिसंबर, 1950 को वे हमसे हमेशा के लिए जुदा हो गए। अनेक विद्वानों का सरदार पटेल के बारे में कहना है कि पटेल, बिस्मार्क की तरह थे, लेकिन 'लंदन टाइम्स' की राय इन सबसे जुदा थी। अख़बार ने सरदार पटेल के निधन के बाद लिखा, ''बिस्मार्क की सफलताएं, पटेल के सामने महत्वहीन रह जाती हैं।'' पहले स्वतंत्रता आंदोलन और फिर उसके बाद पूरे देश को एक सूत्र में बांधने में सरदार पटेल ने जिस तरह से अपना अमूल्य योगदान दिया, इससे बेहतर शायद ही उन पर कोई दूसरी टिप्पणी हो सकती है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

### ऐतिहासिक पहला 'ग्लोबल स्टॉकटेक' जलवायु समझौता

# जीवाश्म ईंधन से संकट में दुनिया



अरविंद जयतिलक
स्वतंत्र टिप्पणीकार

*"औद्योगीकरण की शुरुआत से लेकर अब तक तापमान में 1.25 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो चुकी है। आंकड़ों के मुताबिक 45 वर्षों से हर दशक में तापमान में 0.18 डिग्री सेल्सियस का इजाफा हुआ है। आइपीसीसी के आंकलन के मुताबिक 21 सवीं सदी में पृथ्वी के सतह के औसत तापमान में 1.1 से 2.9 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी होने की आशंका है।"*

दुबई में सीओपी 28 शिखर सम्मेलन के अंतिम सत्र में 200 देशों के बीच ऐतिहासिक पहला 'ग्लोबल स्टॉकटेक' जलवायु समझौता इस मायने में महत्वपूर्ण रहा कि सभी देशों ने एक स्वर में जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल को उचित और न्यायसंगत तरीके से खत्म करने पर सहमति जताई है। उम्मीद किया जाना चाहिए कि सभी देश कोयले से बिजली उत्पादन को चरणबद्ध तरीके से घटाने की पहल तेज करेंगे। सम्मेलन में पेरिस समझौते को ध्यान में रखते हुए तापमान में वृद्धि 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने के उद्देश्य से ग्रीनहाउस उत्सर्जन में 'गहरी, तीव्र और निरंतर' कटौती पर भी सहमति जताई गई है। इस ऐतिहासिक समझौते में निर्धारित लक्ष्यों को हासिल करने के लिए आठ सूत्री योजना का रोडमैप तैयार है। इसके मुताबिक 2050 तक नेट जीरो उत्सर्जन के निमित्त जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल में कमी लाना प्रस्तावित है। किंतु मौंजू सवाल यह है कि क्या कोयले पर निर्भरता रखने वाले देश मसलन भारत और चीन इस लक्ष्य को हासिल करने में कामयाब हो पाएंगे। गौर करें तो कार्बन उत्सर्जन के मामले में 2022 में चीन (31 प्रतिशत), अमेरिका (14 प्रतिशत) और यूरोपीय संघ (8 प्रतिशत) था। भारत की बात करें तो 5 प्रतिशत वृद्धि कोयले से होने वाले उत्सर्जन से हो सकती है।



गत वर्ष ब्रिटेन में मौसम विभाग के कार्यालय और एक्जेटर विश्वविद्यालय के अनुसंधानकर्ताओं ने भी अपने शोध में पाया था कि हवाई स्थित मौना लोआ वेधशाला में वायुमंडल में कार्बन उत्सर्जन की सघनता में 1958 से करीब 30 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। इसके लिए मुख्य रूप से जीवाश्म ईंधनों, वनों की कटाई और सीमेंट उत्पादन को जिम्मेदार ठहराया गया है। एक आंकड़ें के मुताबिक अब तक वायुमंडल में 36 लाख टन कार्बन डाइऑक्साइड की वृद्धि हो चुकी है और वायुमंडल से 24 लाख टन ऑक्सीजन समाप्त हो चुकी है। अगर यही स्थिति रही तो 2050 तक पृथ्वी के तापक्रम में लगभग 4 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि तय है। वैज्ञानिकों की मानें तो बढ़ते तापमान के लिए मुख्यतः ग्लोबल वार्मिंग है और इससे निपटने की त्वरित कोशिश नहीं हुई तो आने वाले वर्षों में धरती का खौलते कुंड में परिवर्तित होना तय है।

अमेरिकी वैज्ञानिकों की मानें तो वैश्विक औसत तापमान पिछले सवा सौ सालों में अपने उच्चतम स्तर पर है। औद्योगीकरण की शुरुआत से लेकर अब तक तापमान में 1.25 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो चुकी है। आंकड़ों के मुताबिक 45 वर्षों से हर दशक में तापमान में 0.18 डिग्री सेल्सियस का इजाफा हुआ है। आइपीसीसी के आंकलन के मुताबिक 21 सवीं सदी में पृथ्वी के सतह के औसत तापमान में 1.1 से 2.9 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी होने की आशंका है। अमेरिकी वैज्ञानिकों ने वायु में मौजूद ऑक्सीजन और कार्बन उत्सर्जन के अनुपात पर एक शोध में पाया है कि बढ़ते तापमान के कारण वातावरण से ऑक्सीजन की मात्रा तेजी से कम हो रही है। पिछले आठ सालों में वातारवरण से ऑक्सीजन काफी रफ्तार से घटी है। वैज्ञानिकों का कहना है कि पृथ्वी का तापमान जिस तेजी से बढ़ रहा है उस पर काबू नहीं पाया गया तो अगली सदी में तापमान 60 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। हिमालय क्षेत्र में पिछले पांच दशकों में माउंट एवरेस्ट के ग्लेशियर 2 से 5 किलोमीटर सिकुड़ गए हैं। 76 फीसद ग्लेशियर चिंताजनक गति से सिकुड़ रहे हैं। कश्मीर और नेपाल के बीच गंगोत्री ग्लेशियर भी तेजी से सिकुड़ रहा है। अनुमानित भूमंडलीय तापन से जीवों का भौगोलिक वितरण भी प्रभावित हो सकता है। कई जातियां धीरे-धीरे ध्रुवीय दिशा या उच्च पर्वतों की ओर विस्थापित हो जाएंगी। जातियों के वितरण में इन परिवर्तनों का जाति विविधता तथा पारिस्थितिकी अभिक्रियाओं इत्यादि पर गहरा असर पड़ेगा। यहां ध्यान रखना होगा कि पृथ्वी पर करीब 12 करोड़ वर्षों तक राज करने वाले डायनासोर नामक दैत्याकार जीवों के समाप्त होने का कारण भूमंडलीय तापन ही था।

बढ़ते तापमान पर नियंत्रण के लिए भारत एवं वैश्विक समुदाय को कमर कसना होगा। पर्यावरणविदों की मानें तो बढ़ते तापमान के लिए मुख्यतः ग्रीन हाउस गैस, वनों की कटाई और जीवाश्म ईंधन का दहन है। तापमान में कमी तभी आएगी जब वैश्विक कार्बन उत्सर्जन में कमी होगी। आंकड़ों पर गौर करें तो 2000 से 2010 तक वैश्विक कार्बन उत्सर्जन की दर प्रतिवर्ष 3 प्रतिशत रही जबकि भारत के कार्बन उत्सर्जन में यह वृद्धि 5 प्रतिशत रही। कार्बन उत्सर्जन के लिए सर्वाधिक रुप से कोयला जिम्मेदार है। भारत की बात करें तो उसकी कुल आबादी का एक बड़ा हिस्सा आज भी कोयले पर निर्भर है। अच्छी बात यह है कि भारत ने गत वर्ष पहले पेरिस जलवायु समझौते को अंगीकार करने के बाद क्योटो प्रोटाकाल के दूसरे लक्ष्य को अंगीकार करने की मंजूरी दे दी है। उल्लेखनीय है कि उद्योगों से निकलने वाली ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करने के लिए 11 दिसंबर, 1997 को जापान के क्योटो शहर में संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व में 192 देशों के बीच यह संधि हुई। 16 फरवरी, 2005 को यह प्रभावी हुई। विकसित देशों द्वारा विकासशील देशों को लक्ष्य पूरा करने के लिए आर्थिक और तकनीकी मदद उपलब्ध कराना भी इसका हिस्सा है। संधि का पहला लक्ष्य 2008-12 के लिए तय हुआ था। इसमें औद्योगिक अर्थव्यवस्था वाले 52 देशों ने चार ग्रीन हाउस गैसों (कार्बन डाई ऑक्साइड, मीथेन, नाइट्रस ऑक्साइड और सल्फर हेक्साफ्लोराइड) का उत्सर्जन 1990 की तुलना में 5 प्रतिशत तक घटाने का लक्ष्य रखा था।

अन्य देशों ने भी इसके लिए अपने-अपने लक्ष्य रखे थे। 2020 से कार्बन उत्सर्जन को घटाने संबंधित प्रयास शुरू करने के लिए दिसंबर, 2015 को यह संधि हुई। इस संधि पर 192 देशों ने हस्ताक्षर किए। 126 देश इसे अंगीकार कर चुके हैं। भारत ने 2 अक्टूबर, 2016 को इसे अंगीकार करके अन्य देशों को भी अंगीकार करने की राह दिखाई। फिर कुछ अन्य देशों द्वारा इसे अंगीकार किए जाने पर 4 नवंबर, 2016 को यह प्रभावी हुआ। पृथ्वी के तापमान को स्थिर रखने और कार्बन उत्सर्जन के प्रभाव को कम करने के लिए कंक्रीट के जंगल का विस्तार और अंधाधुंध पर्यावरण दोहन पर लगाम कसना होगा। जंगल और वृक्षों का दायरा बढ़ाना होगा। पेड़ और हरियाली ही धरती पर जीवन के मूलाधार हैं। वनों को धरती का फेफड़ा कहा जाता है। धरती पर प्राणवायु ऑक्सीजन से लेकर जरुरी भोजन मुहैया कराने के लिए यही वृद्ध जिम्मेदार हैं। वृक्षों और जंगलों का विस्तार होने से धरती के तापमान में कमी आएगी।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

### व्यंग्य

# चुनावी घोषणा-पत्र



मनीष कुमार चौधरी
व्यंग्यकार

वे सही ही कह रहे थे कि उनका चुनावी घोषणा-पत्र पिछले से काफी क्रांतिकारी होगा। वो था भी क्रांतिकारी। चकाचक चिकने मोटे पन्नों पर रंगबिरंगा घोषणा पत्र। देखते ही जिसे छू लेने को दिल चाह रहा था। पिछली बार उन्होंने उसे एक गंदे, खुरदरे, खाकी से दिखते रंग के कागजों की बुकलेट के रूप में छपवाया था। प्रेस कांफ्रेंस में एक पत्रकार ने सवाल उठा दिया था कि जब आपके घोषणा-पत्र का कागज ही इतना बकवास है तो घोषणाओं के बारे में अनुमान लगाया जा सकता है। तभी उन्होंने सोच लिया था कि अगली बार वे उसे इतना आकर्षक छपवाएंगे कि कोई घोषणा-पत्र की गुणवत्ता के बारे में सवाल खड़ा न कर सके। एक सफल पार्टी का मैनेजमेंट इस बात को अच्छी तरह जानता है कि घोषणा-पत्र में की जाने वाली घोषणाओं से उसका कागज अच्छा होना चाहिए।

घोषणाओं का क्या है! वे पूरी करनी भी किसे है। चुनाव के समय एक बार ही तो वह बुकलेट काम आती है। इस देश का गरीब मतदाता वैसे भी सीधा-सच्चा है। वह देशी ठर्रे की एक थैली और पांच सौ के नोट से ज्यादा की चाहत नहीं रखता। देश की जीडीपी और मुद्रा-स्फीति जैसे सरल-सहज शब्दों की गहराई में भी वह जाना नहीं चाहता, और न ही यह जानना चाहता है कि देश की फॉरेन पालिसी में पार्टी कितने झंडे गाड़ रही है। वह उस 'मेनिफेस्टो' शब्द से भी इत्तेफाक नहीं रखता, जिसका इस्तेमाल पार्टी का नेता दसियों बार इसलिए कर चुका होता है कि घोषणा-पत्र कहने से उसका स्तर बरकरार नहीं रह पाता।

चुनाव वैसे भी असत्य भाषणों और घोषणाओं का महापर्व होता है। असल मुद्दा यह नहीं है कि घोषणाओं में दम है कि नहीं, लेकिन आपके घोषणा-पत्र के कागज में तो दम होना ही चाहिए। घोषणाएं तो आकाशवाणी की तरह होती है। कोई इन्हें देख नहीं पाता। महसूस तो कर ही नहीं सकता, क्योंकि वे कभी लागू नहीं होतीं। वैसे भी घोषणा पत्र जारी करना एक परम्परा है। इसे निभाना उतना ही जरूरी है, जितना हर चुनाव में अपराधियों को टिकट देना। यह चुनाव का एक अनिवार्य कर्मकांड है और चुनाव होने तक है।

इसमें नया होता भी क्या है? हर चुनाव में गरीबी हटानी होती है, पानी-बिजली-सड़क की समस्या दूर करनी होती है, मुफ्त के वादे-शादे (आजकल जिसे रेवड़ियां बांटना कहते हैं) करने होते है, रोजगार देने की चिर-परिचित घोषणा को बोल्ड अक्षरों में छपवाना होता है, देश की एकता-अखंडता कायम रहेगी, इसका जिक्र भी होना ही होना है..। तो क्या पिछले चुनाव में भी इसके पन्नों पर यह सब कुछ नहीं था? इस चुनाव में भी यही सब है, आने वाले चुनावों में यही सब रहना है। यही एकरूपता और शाश्वत वादे एक क्रांतिकारी घोषणा-पत्र की जान और पहचान होते हैं। फिर इसमें बदलता क्या है? बदलती तो है इसके कागज की क्वालिटी, और बढ़ता है तो छपवाने का कमीशन।

### नॉलेज कॉर्नर: दो हजार साल पहले चीन में की गई इसकी खेती

# पाकिस्तान में मिलता है टमाटर जैसा फल

पाकिस्तान के बाजारों में इन दिनों टमाटर जैसा दिखने वाला एक फल खूब बिक रहा है। हालांकि दिखने में यह बिल्कुल टमाटर जैसा ही दिखता है, लेकिन यह सब्जी नहीं बल्कि फल है। बता दें कि स्थानीय भाषा में इस टमाटर जैसे दिखने वाले फल को यहां के लोग जापानी फल या अमरफल कहते हैं। ये फल कई मायनों में बहुत फायदेमंद है। इस फल के बारे में चिकित्सकों का कहना है कि इस जापानी फल में फाइबर, विटामिन A, विटामिन C, विटामिन B कॉम्प्लेक्स और मिनरल्स प्रचूर मात्रा में पाए जाते हैं। इसे खाने से शरीर को कई न्यूट्रिएंट्स मिलते हैं। आज के नॉलेज कॉर्नर में विस्तार से जानते हैं इस फल के बारे में...

#### ऐसा दिखता है जापानी फल

पाकिस्तान में पाए जाने वाले इस जापानी फल का रंग हल्का, गहरा नारंगी और लाल रंग है। जो बिल्कुल टमाटर जैसा दिखता है। इस फल का सीजन अक्टूबर से फरवरी तक होता है। बता दें कि कुछ इलाकों में इसे अमलुक तो कहीं रामफल भी कहते हैं। जानकारी के मुताबिक करीब 2 हजार साल पहले पहली बार चीन में इसकी खेती गई थी, जिसके बाद 7वीं शताब्दी में यह जापान और 14वीं शताब्दी में कोरिया पहुंचा था। बता दें कि आज भारत में हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, तमिलनाडु, उत्तराखंड और पूर्वोत्तर में भी इस फल के पौधे बड़ी संख्या में लगाए जा रहे है।



#### इस फल में कई तरह के विटामिन

जापानी फल में कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, फाइबर, फैट, विटामिन A, B, C, K, E, विटामिन B6, पोटैशियम, कॉपर और मैग्नीशियम की भरपूर मात्रा पाया जाता है। इतना ही नहीं एक जापानी फल में एक नींबू से ज्यादा विटामिन C होता है। वहीं विटामिन B1, विटामिन B2, फोलेट, मैग्नीशियम और फॉस्फोरस के साथ फाइबर भी प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। बता दें कि कम कैलोरी वाला फ्रूट होने की वजह से इसे वजन घटाने में अच्छा माना जाता है।

**कैंसर के उपचार में भी है कारगर**

*इस फल में कैरोटेनॉयड्स, फ्लैवोनॉयड्स और विटामिन E होता है, जो कैंसर से लड़ने में मदद करता है। एक जापानी फल में एल एस्कोर्बिक एसिड 20% होता है जो कैंसर को बढ़ने से रोकता है। रिसर्च में बताया गया है कि जापानी फल में मौजूद बीटा कैरोटीन से कई तरह के कैंसर ठीक होते हैं।*

*कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन*



**भजनलाल शर्मा,** मनोनीत मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी के आशीर्वाद के साथ आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल मार्गदर्शन में राजस्थान को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने में सफल होंगे।



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
व्यवसाय का मतलब सिर्फ पैसा इकट्ठा करना नहीं है। व्यवसाय खुशहाली पैदा करने के बारे में है। आप जितनी अधिक खुशहाली पैदा करेंगे, आपका व्यवसाय उतना ही अधिक स्थिर होगा।



**गौर गोपाल दास,** आध्यात्मिक गुरु
@gaurgopald
जबकि हम अपनी समय-सीमाओं, लक्ष्यों और लक्ष्यों को पूरा करने का प्रयास करते हैं, आइए यह न भूलें कि हमारे पास जीने के लिए भी एक जीवन है।



**अरुण गोविल,** अभिनेता
@arungovil12
"जो आपसे प्रेम करता है वही आपकी कद्र करता है, वरना दिखाने और जताने के लिए हजारों आपके साथ हैं।

पार्टी की हार के बाद शीर्ष नेतृत्व पर आरोप लगाने वाले नेताओं पर गिरी गाज

# कांग्रेस ने दो पूर्व विधायकों को किया छह साल के लिए निष्कासित

एजेंसी | रायपुर

कांग्रेस ने दो पूर्व विधायक को पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है। पूर्व विधायक विनय जायसवाल और बृहस्पत सिंह को पार्टी से निकाल दिया गया है। दोनों ही नेताओं ने चुनाव में हार के बाद पार्टी के शीर्ष नेतृत्व पर गंभीर आरोप लगाए थे।

पार्टी ने पूर्व विधायकों के बयान पर कराण बताओ नोटिस जारी किया था। ये निष्कासन तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी की तरफ से जारी निष्कासन आदेश में कहा गया कि छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव-2023 के नतीजों के बाद अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव और छत्तीसगढ़ प्रभारी के खिलाफ सार्वजनिक रूप से लगाए गए तथ्यहीन आरोप को निराधार व प्रस्तुत जबाव / स्पष्टीकरण से असंतुष्ट होकर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के आदेशानुसार 14 दिसम्बर 2023 को पूर्व विधायक डॉ। विनय जायसवाल को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से छह साल के लिए निष्कासित किया जाता है। वहीं नतीजों के बाद प्रदेश प्रभारी और वरिष्ठ नेताओं के उपर सार्वजनिक रूप से लगाए गए तथ्यहीन आरोप को निराधार और प्रस्तुत जबाव/स्पष्टीकरण से असंतुष्ट होकर पूर्व विधायक बृहस्पत सिंह को भी छह सालों के निष्कासित किया जाता है।



### क्या कहा था जयसिंह अग्रवाल ने!

जयसिंह अग्रवाल ने कहा था कि इस चुनाव में एकजुटता नहीं दिखी। इस बार का चुनाव सेंट्रलाइज था। पिछले चुनाव में जो जनादेश मिला। उसका सरकार कदर नहीं कर पाई। मंत्रियों को पावर नहीं मिला। एक ताकत सेंट्रलाइज होकर कुछ लोगों के साथ सरकार चलाती रही। मंत्रियों का जिले में प्रभाव होता है, उसे बाधित किया गया। विधायकों के परफार्मेंस का सर्वे सरकार का मुखिया करवाता था। उस सर्वे पर कभी चर्चा नहीं हुई।

### अग्रवाल से तीन दिन के अंदर स्पष्टीकरण मांगा



इसके अलावा पूर्व मंत्री जय सिंह को नोटिस जारी किया गया है। कोरबा से विधायक और भूपेश सरकार में राजस्व मंत्री रहे जय सिंह अग्रवाल अब कांग्रेस आलाकमान की रडार में आ गए है। जय सिंह अग्रवाल को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष की ओर से प्रभारी प्रदेश महामंत्री मलकित सिंह गैंदू एक नोटिस दी है। जिसमे पूर्व मंत्री को लिखा गया है, "विधानसभा चुनाव 2023 के परिणाम के बाद आपने अपने विधानसभा की हार पर प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की थी। जिसमें राज्य सरकार पर प्रश्न चिह्न लगाते हुए प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल पर गंभीर आरोप लगाए हैं। जिसकी जानकारी विभिन्न मीडिया के माध्यम से मिली है।" पार्टी ने पूर्व राजस्व मंत्री जय सिंह अग्रवाल से 3 दिन के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है।

## स्टालिन ने मिचौंग प्रभावित लोगों के लिए मांगी राशि



**नई दिल्ली।** चेन्नई स्थित सचिवालय में केंद्रीय टीम के साथ हुई बैठक में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा कि तमिलनाडु सरकार का फंड चक्रवात मिचौंग के कारण हुए भारी नुकसान की भरपाई करने और अपने घरों को खोने वाले गरीब लोगों की आजीविका को बहाल करने के लिए पर्याप्त नहीं है। ऐसे में मुख्य रूप से केंद्र सरकार की भूमिका अब बहुत जरूरी है। मैं केन्द्रीय दल से अनुरोध करता हूं कि वह चक्रवात मिचौंग से हुए नुकसान की जानकारी केन्द्र सरकार को दे और हमें वह निधियां प्रदान करे जो तमिलनाडु सरकार की आरे से मांगी गई है। यह धनराशि चक्रवात मिचौंग से प्रभावित लोगों के लिए मददगार होगी।

## असम के मुख्यमंत्री ने की राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात



**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन और असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बृहस्पतिवार को यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति कार्यालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। बैठक की एक तस्वीर साझा करते हुए राष्ट्रपति कार्यालय ने एक अन्य पोस्ट में कहा, असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात की।

बजट सत्र से पहले निर्णय लेने का आश्वासन

# महाराष्ट्र में जल्द बहाल होगी पुरानी पेंशन योजना: पवार

■ मांग पर विचार करने के लिए सरकार को मिली समिति की रिपोर्ट

एजेंसी | नागपुर

महाराष्ट्र में पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने की मांग कर रहे सरकारी कर्मचारियों के लिए अच्छी खबर है। यहां के उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने आश्वासन दिया है कि आगामी बजट सत्र से पहले इस बारे में निर्णय ले लिया जाएगा।

उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने गुरुवार को विधानसभा में चल रहे शीतकालीन सत्र के दौरान विधानसभा भवन परिसर में मीडिया से बात करते हुए कहा कि पुरानी पेंशन को बहाल करने की मांग करने वाले सरकारी कर्मचारियों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा हुई है और सरकार को मांग पर विचार करने के लिए गठित एक समिति की रिपोर्ट मिल गई है। इस रिपोर्ट पर वरिष्ठ सरकारी अधिकारी, कर्मचारी नेताओं के साथ चर्चा करेंगे।



### केंद्र की रिपोर्ट की भी करेंगे जांच

उन्होंने कहा, केंद्र सरकार ने भी एक समिति बनाई है। हालांकि, हम उनकी रिपोर्ट की भी जांच करेंगे। हमने ओपीएस की मांग करने वाले प्रतिनिधियों को बुधवार को बताया कि महायुति गठबंधन सरकार विधानसभा चुनाव से पहले सही फैसला लेगी, लेकिन वह चाहते थे कि इस मांग पर जल्द-से-जल्द फैसला लिया जाए। आपको बता दें कि महाराष्ट्र में अगले साल यानी 2024 में विधानसभा चुनाव होने हैं।

### 2005 में हुआ था बदलाव

- महाराष्ट्र में कई सरकारी और अर्ध-सरकारी कर्मचारी ओपीएस की बहाली की मांग कर रहे हैं, जिसे 2005 में राज्य में बंद कर दिया गया था।
- ओपीएस के तहत एक सरकारी कर्मचारी को उसके अंतिम आहरित वेतन के 50 प्रतिशत के बराबर मासिक पेंशन मिलती है।
- नई योजना के तहत राज्य सरकार का कर्मचारी अपने मूल वेतन और महंगाई भत्ते का 10 प्रतिशत योगदान देता है और राज्य भी उतना ही योगदान देता है।
- यह पैसा पेंशन फंड नियामक और पीएफआरडीए द्वारा अनुमोदित कई पेंशन फंडों में से एक में निवेश किया जाता है और रिटर्न बाजार से जुड़ा होता है।

### धर्म बदलकर दोहरा लाभ लेने वालों पर होगी कार्रवाई

महाराष्ट्र में अपना धर्म बदलकर दोहरा लाभ लेने वाले आदिवासियों के खिलाफ राज्य सरकार अब कार्रवाई करने जारी है। गुरुवार को मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने बताया कि सरकार एक समिति का गठन करने जा रही है। यह समिति उन आदिवासियों का अध्ययन करेगी, जो धर्म बदलकर अल्पसंख्यक और अनुसूचित जनजाति, दोनों ही वर्ग का लाभ उठा रहे हैं। उन्होंने गुरुवार को विधान परिषद में बोलते हुए कहा कि जो आदिवासी धर्म बदलकर अल्पसंख्यक समुदाय के साथ-साथ अनुसूचित जनजाति (एसटी) के सदस्यों के रूप में लाभ उठा रहे हैं, ऐसे लोगों की पहचान के लिए एक समिति बनाई जाएगी।भाजपा नेता ने दावा किया कि कई आदिवासियों को जबरदस्ती और प्रलोभन देकर धर्म बदलवाया जा रहा है।

दिल्ली आबकारी नीति मामला

## मनीष सिसोदिया को सुप्रीम कोर्ट से झटका

■ न्यायालय ने पुनर्विचार याचिका खारिज की

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को गुरुवार (14 दिसंबर) को सुप्रीम कोर्ट से उनकी पुनर्विचार याचिका के संबंध में झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने सिसोदिया की पुनर्विचार याचिका खारिज कर दी।

कोर्ट ने कहा कि समीक्षा का कोई मामला नहीं बनता है। 30 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट ने शराब नीति मामले में सिसोदिया को जमानत देने से मना कर दिया था। वह इसी आदेश पर दोबारा विचार की मांग कर रहे थे। आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया ने 29 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दाखिल की थी। 30 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट ने सिसोदिया को जमानत देने से मना करते हुए कहा था कि जांच एजेंसी 338 करोड़ रुपये का लेनदेन साबित कर पाई है।

फिलहाल उन्हें जमानत नहीं मिल सकती है। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा था कि 6 महीने में अगर निचली अदालत में मुकदमा खत्म नहीं होता तो जमानत के लिए दोबारा आवेदन किया जा सकता है।

## नीतीश की रैली कैंसिल

एजेंसी | पटना

वाराणसी में अब 24 दिसंबर को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सभा नहीं होगी। ग्रामीण विकास मंत्री और उत्तर प्रदेश जदयू के प्रभारी श्रवण कुमार ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पहले वाराणसी के एक इंटर कॉलेज में मुख्यमंत्री की सभा की अनुमति मिली थी। अब उस कॉलेज के व्यवस्थापक कह रहे हैं कि अगर मुख्यमंत्री की सभा हुई तो उनका नुकसान हो जाएगा। श्रवण के अनुसार, कॉलेज प्रबंधन ने कहा कि हमारे परिसर में मुख्यमंत्री की रैली हुई तो भवन पर बुलडोजर चल सकता है। मंत्री ने कहा कि अब हम जनता से पूछेंगे कि उत्तर प्रदेश में नीतीश कुमार की सभा होनी चाहिए या नहीं? जनता की अनुमति मिलने के बाद ही सभा के लिए जगह और तिथि तय होगी। उन्होंने संकेत दिया कि अगले साल जनवरी में वाराणसी में मुख्यमंत्री की सभा हो सकती है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में लोकतंत्र की हत्या हो रही है।

पूर्व सीएम का दिखा अलग अंदाज

## शिवराज ने खेत में चलाया ट्रैक्टर

■ अपने खेत पर पहुंकर ट्रैक्टर चलाया चने की फसल की बुवाई की

एजेंसी | भोपाल



मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान नए सीएम की शपथ के एक दिन बाद अलग अंदाज में दिखे। शिवराज सिंह चौहान विदिशा स्थित अपने खेत पहुंचे और ट्रैक्टर लाकर चने की बुआई करते नजर आए।

शिवराज सिंह चौहान ने अपने सोशल मीडिया पर अपने खेत में ट्रैक्टर चलाने का वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि अपने मध्य प्रदेश की माटी सोना उगलती है... धरती मां धन-धान्य से घरों को खुशहाल बना देती है।

पसीने की कुछ बूंदों से माटी को नमन किया। आज खेतों की जुताई कर चने की बुआई की। बता दें इससे पहले शिवराज सिंह चौहान ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर भाई और मामा के साथ पूर्व मख्यमंत्री लिख दिया।

## महुआ मोइत्रा की याचिका पर सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने के मामले में टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा को लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया था। महुआ मोइत्रा ने इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, जिस पर कोर्ट शुक्रवार को सुनवाई करेगी। टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा की याचिका पर जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस एसवीएन भट्टी की बेंच सुनवाई करेगी। बता दें, झारखंड से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने इस मामले में अदालत का रुख किया था। सांसद दुबे की शिकायत के बाद ही महुआ मोइत्रा का लोकसभा से निष्कासन हुआ था।

## एक्शन में CM: अधिकारियों को सौंपा टास्क



**भोपाल।** मध्यप्रदेश के नए सीएम डॉ. मोहन यादव ने पद संभालने के गुरुवार को पहली बार ब्यूरोक्रेट्स के साथ मीटिंग की। मुख्यमंत्री यादव ने अफसरों को निर्देश दिए हैं कि चुनाव से पहले भाजपा के जारी संकल्प पत्र पर काम शुरू कर दें। सीएम ने रोडमैप पर अमल के लिए अगले सात दिन में एक्शन प्लान मांगा है। उन्होंने कहा कि यह संकल्प पत्र ही अगले पांच साल का सरकार विजन डॉक्यूमेंट है। जिन संकल्पों में वित्तीय खर्च नहीं आए, उनका आदेश तुरंत जारी करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

लगातार बढ़ रही महिला मतदाताओं की संख्या

# 2024 में 49 फीसदी होंगी महिला वोटर्स, इनके पास होगी सत्ता की चाबी

■ 2049 तक देश के कुल वोटरों में महिलाओं की संख्या 55 फीसद होगी

एजेंसी | नई दिल्ली

सत्ता की कुंजी महिला वोटरों के पास है। पिछले एक दशक में महिला वोटरों की संख्या लगातार बढ़ रही है और इसका असर विधानसभा चुनावों में साफ तौर पर दिखने लगा है।

महिला वोटरों की बढ़ती संख्या आने वाले दिनों में और तेज होने वाली है। वर्ष 2024 के आम चुनाव तक देश के कुल वोटरों की संख्या में 49 फीसद महिलाओं की होगी। वर्ष 2049 तक तक तो देश के कुल वोटरों में महिलाओं की संख्या 55 फीसद होगी और 45 फीसद पुरूष होंगे।

यह बात गुरुवार (14 दिसंबर) को एसबीआई की तरफ से जारी एक विशेष रिपोर्ट में कही गई है। एक रिपोर्ट ने आंकड़ों के जरिए परोक्ष तौर पर यह भी बताया है कि हाल ही में संपन्न मध्य प्रदेश विधान सभा चुनाव में पूर्व पीएम शिवराज सिंह चौहान की तरफ से घोषित लाड़ली बहना योजना की वजह से यह आकलन किया गया है कि भाजपा को 30-35 विधान सभा सीटों पर जीत मिली है।



### महिला सशक्तीकरण पर जोर

रिपोर्ट ने इस बात की तरफ भी ध्यान आकर्षित करवाया है कि कैस देश की इकोनमी में महिलाओं के योगदान को हमेशा कमतर करके आंका गया है। जबकि वैसी महिलाएं जिनको कोई भुगतान नहीं किया जाता, उनका देश के कुल जीडीपी में योगदान 7.5 फीसद के बराबर है। हालांकि अब यह सामान्य तौर पर देखा जा रहा है कि महिला सशक्तीकरण पर जोर है और महिलाओं के लिए कई तरह की स्कीमें लाने की भी होड़ मची हुई है।

### 18 राज्यों में महिला वोटरों की हिस्सेदारी ज्यादा

इस रफ्तार से वर्ष 2024 में कुल वोटर होंगे 68 करोड़ और इनमें महिलाएं होंगी 33 करोड़। वर्ष 2029 में कुल वोटर होंगे 73 करोड़ जिसमें 37 करोड़ (50 फीसद से ज्यादा) महिलाएं होंगी। वोटिंग में महिलाओं की बढ़ती हिस्सेदारी को पिछले एक दशक की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि के तौर पर चिन्हित करते हुए रिपोर्ट कहती है कि चुनावों के परिणाम महिलाओं की हिस्सेदारी काफी हद तक प्रभावित करने लगी हैं। पिछले पांच वर्षों में 23 राज्यों में चुनाव हुए हैं। इनमें 18 राज्यों में महिला वोटरों की हिस्सेदारी पुरूषों से ज्यादा रही है। इन 18 राज्यों में से 10 राज्यों में पिछली सरकारों की ही दोबारा चुना गया है।

### वोट देने में महिलाएं आगे

एक वजह यह भी है कि वोटिंग पैर्टन से साफ हो रहा है कि वोट देने वालों में पुरूषों से ज्यादा महिलाओं की संख्या बढ़ रही है। सरकार की हर स्कीम में महिलाओं की संख्या भी बढ़ती जा रही है। वर्ष 2014 के चुनाव में कुल वोटरों की संख्या 55 करोड़ थी जिसमें महिला वोटरों 26 करोड़ थी। वर्ष 2019 में कुल वोटर हो गए 62 करोड़ जिसमें महिलाएं थी 30 करोड़।

## जरूरी खबर

### बिहार में 8700 करोड़ का निवेश करेंगे अडाणी



**नई दिल्ली।** अडाणी समूह बिहार में अलग- अलग सेक्टर्स में बड़े निवेश की तैयारी में है। समूह, सीमेंट मैन्युफैक्चरिंग से लेकर लॉजिस्टिक्स और एग्रो-इंडस्ट्री में बड़े पैमाने पर निवेश करेगी। बिहार में चल रहे दो दिवसीय ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के दूसरे दिन बिहार बिजनेस कनेक्ट - 2023 को संबोधित करते हुए अडाणी एंटरप्राइजेज के डायरेक्टर प्रणव अडानी ने कहा कि बिहार में अभी 850 करोड़ रुपए का निवेश किया हुआ है। उन्होंने कहा कि अब ग्रुप ने तय किया है कि वो सीमेंट मैन्युफैक्चरिंग से लेकर लॉजिस्टिक्स और एग्रो-इंडस्ट्री जैसे एडिशनल सेक्टर्स में 8700 करोड़ रुपए का निवेश करेगी।

### पोलैंड के नए पीएम टस्क को प्रधानमंत्री मोदी ने दी बधाई



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पोलैंड के अपने नए समकक्ष डोनाल्ड टस्क को कार्यभार संभालने पर गुरुवार को बधाई दी। टस्क ने बुधवार को पोलैंड के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''पोलैंड के प्रधानमंत्री के रूप में आपकी नियुक्ति पर बहुत-बहुत बधाई डोनाल्ड टस्क। मैं भारत और पोलैंड के बीच दीर्घकालिक और मैत्रीपूर्ण संबंधों को और प्रगाढ़ करने के लिए मिलकर काम करने की आशा करता हूं।''

### सौम्या चौरसिया की जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कोयला 'लेवी' धनशोधन मामले में छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल की उप सचिव सौम्या चौरसिया की जमानत याचिका खारिज कर कर दी। पीठ ने अनुचित बयान देकर तथ्यों को गलत तरीके से पेश करने के लिए चौरसिया पर एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया। उच्चतम न्यायालय जमानत याचिका खारिज करने के छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ चौरसिया की अपील पर सुनवाई कर रहा था। संघीय जांच एजेंसी ने पिछले साल आरोप लगाया था कि घोटाले को अंजाम देने के लिए प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध राज्य में एक ''बड़ी साजिश'' रची गई थी।

### संसद के दोनों सदन सुरक्षा प्रहरियों के पहरे में...



*नई दिल्ली। बुधवार को संसद भवन में सेंधमारी की घटना के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर हैं। वहीं संसद के दोनों सदनों के बाहर भी सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।*

### पटियाला में कई जगहों पर ईडी की छापेमारी




**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को कहा कि उसने पंजाब में कुछ ऐसे लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की है जो भारत-म्यांमा सीमा पर सोने की तस्करी करने वाले गिरोह में कथित तौर पर शामिल हैं। ईडी ने एक बयान में यह जानकारी दी। ईडी के बयान के मुताबिक, लक्की सतीजा, सुरिंदर कुमार, मंजोध सिंह चीमा और कुछ अन्य आरोपियों के खिलाफ 12 दिसंबर को पटियाला में सात ठिकानों पर छापे मारे गए। इन लोगों के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धाराओं के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। डीआरआई ने नवंबर, 2020 में अलग-अलग स्थानों पर दो ट्रक को रोका और प्रत्येक ट्रक से सोने की 200 छड़ें बरामद की गई थीं। दोनों ट्रक से कुल 66.4 किलोग्राम सोना बरामद किया गया था।

**संसद की सुरक्षा में सेंध का मामला**

# विपक्ष ने सरकार को घेरा, हंगामे के बीच चौदह सांसद निलंबित

- केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बयान की मांग
- आरोपी 7 दिन की रिमांड पर, मुख्य साजिशकर्ता गिरफ्तार
- संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही कई बार स्थगित

एजेंसी | नई दल्ली

संसद की सुरक्षा में बड़ी चूक के मामले में चार आरोपियों को पटियाला हाउस कोर्ट ने सात दिनों की रिमांड पर भेज दिया है। ये चार आरोपी नीलम आजाद, अमोल शिंदे, सागर शर्मा और मनोरंजन डी हैं। मामले में फरार चल रहे मुख्य साजिशकर्ता कोलकाता निवासी ललित झा को भी पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है। इधर संसद के शीतकालीन सत्र के नौवें दिन गुरुवार की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने संसद सुरक्षा चूक के मामले को लेकर जमकर हंगामा किया। लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों में विपक्षी नेताओं ने नारेबाजी की। दिन में कई बार सदन को स्थगित करना पड़ा। वहीं गलत बर्ताव के चलते विपक्ष के 14 सांसदों को निलंबित कर दिया गया। मामले को लेकर कांग्रेस समते अन्य विपक्षी दल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान देने की मांग पर अड़े रहे। सदन की कार्यवाही शुरू होने से पूर्व विपक्षी गठबंधन के नेतओं की खरगे की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें विपक्षी नेतओं ने मामले पर चर्चा की।



### डेरेक और धनखड़ में तीखी नोकझोंक

तृणमूल कांग्रेस के सांसद डेरेक ओ ब्रायन को गुरुवार को राज्यसभा से सस्पेंड कर दिया गया। संसद में सुरक्षा चूक के मुद्दे पर विपक्ष के हंगामे के दौरान ओ ब्रायन प्रदर्शन करते हुए सभापति के पास तक आ गए। इसके बाद उन्हें सदन से निलंबित कर दिया गया। साथ ही राज्यसभा की कार्यवाही भी स्थगित हो गई।

### PM मोदी ने मंत्रियों के साथ की बैठक

पीएम मोदी ने सरकार के वरिष्ठ मंत्रियों के साथ बैठक की। इस बैठक में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी और अनुराग ठाकुर मौजूद रहे। पीएम मोदी ने मंत्रियों से कहा- घटना को गंभीरता से लें और इसको लेकर राजनीति में ना पड़े। हम सभी को सावधानियां बरतनी होगी।

### इन सांसदों को किया गया निलंबित




संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने लोकसभा में एक प्रस्ताव पेश किया। जिसमें विपक्ष के 14 सांसदों को बाकी शीतकालीन सत्र से निलंबित कर दिया गया है। इस प्रस्ताव में गलत बर्ताव के चलते पांच सदस्यों टीएन प्रथापन, हीबी एडेन, जोथिमनी, राम्या हरिदास और डीन कुरियाकोस को निलंबित किया गया। इस दौरान बी महताब सदन की अध्यक्षता कर रहे थे। इसके बाद विपक्षी सासंदों ने हंगामा शुरू कर दिया। इस पर स्पीकर बी महताब ने कांग्रेस के नौ अन्य सांसदों को भी निलंबित कर दिया। इनमें बेनी बेहानान, वीके श्रीधरन, मोहम्मद जावेद, पीआर नटराजन, कनिमोई करुणानिधि, के सुब्रमण्यन, एसआर पारथीबान, एस वेंकटेशन और मणिकम टैगोर के नाम शामिल हैं।

## सरकार पर हमलावर विपक्ष

### सुरक्षा का उल्लंघन गंभीर मामला: खरगे

राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को पत्र लिखा। पत्र में उन्होंने लिखा कि संसद की सुरक्षा का उल्लंघन एक बहुत ही गंभीर मामला है। मामले की गंभीरता को देखते हुए, मैं संसद में भारतीय दलों के नेताओं के परामर्श से इस विचार पर आया हूं कि इसे राज्य सभा के नियमों और प्रक्रिया के नियम 267 के तहत उठाया जाना चाहिए।

### गृह मंत्री दोनों सदनों में बयान दें: रमेश

कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए लिखा कि विपक्षी पार्टियों की मांग है कि संसद में सुरक्षा चूक के मामले पर गृहमंत्री दोनों सदनों में विस्तृत बयान दें और इस पर संसद में विस्तार से चर्चा होनी चाहिए।

### घटना के लिए सरकार जिम्मेदार: तिवारी

कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि इसके लिए पूरी तरह से सरकार जिम्मेदार है। पिछली बार जब हमला हुआ था तो आतंकी संसद के भीतर नहीं पहुंच पाए थे लेकिन इस बार वह लोकसभा तक पहुंच गए।


### देश के अंदर सुरक्षा खोखली: अधीर रंजन

कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने बुधवार की घटना को पूरी देश ने देखा। हर दिन सुरक्षा, सत्ता और विकास पर बातें की जा रही हैं लेकिन देश के अंदर ही सुरक्षा खोखली है। क्या पीएम मोदी को इससे कोई फर्क पड़ता है?

**मथुरा की ईदगाह में सर्वे को मिली मंजूरी**

## मुसलमानों के सम्मान को ठेस पहुंचाना ही मकसद: ओवैसी

एजेंसी | नई दिल्ली



मथुरा के कृष्ण जन्मभूमि मंदिर से सटी शाही ईदगाह मस्जिद का सर्वे एडवोकेट कमीश्नर से कराने की इलाहाबाद हाई कोर्ट ने अनुमति दे दी। इसको लेकर ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने सवाल उठाते हुए कहा कि कानून का मजाक बना दिया है। हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शाही ईदगाह मस्जिद का सर्वे कराने की इजाजत दे दी। बाबरी मस्जिद केस के फैसले के बाद मैंने कहा था कि संघ परिवार की शरारत बढ़ेगी। ओवैसी ने कहा कि मथुरा विवाद दशकों पहले मस्जिद कमेटी और मंदिर ट्रस्ट ने आपसी सहमति से सुलझा लिया था। काशी, मथुरा या लखनऊ की टीले वाली मस्जिद हो। कोई भी इस समझौते को पढ़ सकता है। इन विवादों को एक नया ग्रुप उछाल रहा है। ओवैसी ने कहा कि जब एक पक्ष मुस्लिमों को लगातार निशाना बनाने में रुचि रखता है तो कृप्या हमें गिव एंड टेक यानी देन-लेन का उपदेश ना दें। कानून मायने नहीं रखता। मुसलमानों के सम्मान को ठेस पहुंचाना ही मकसद है।

## अफजाल अंसारी की दोष सिद्धि सशर्त निलंबित

एजेंसी | नई दिल्ली



उच्चतम न्यायालय ने 2007 के गैंगस्टर अधिनियम के एक मामले में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के पूर्व सांसद अफजाल अंसारी की दोषसिद्धि गुरुवार को सशर्त निलंबित कर दी।

जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने बहुमत से दिए फैसले में कहा कि उत्तर प्रदेश के गाजीपुर निर्वाचन क्षेत्र से पूर्व सांसद अंसारी लोकसभा में मतदान में हिस्सा नहीं ले सकते और न ही सुविधाओं का लाभ ले सकते हैं लेकिन सदन की कार्यवाही में भाग ले सकते हैं। साथ ही पीठ ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय को दोषसिद्धि तथा सजा के खिलाफ की गई अफजाल अंसारी की आपराधिक अपील का 30 जून 2024 तक निस्तारण करने का निर्देश दिया। बता दें कि गाजीपुर की विशेष एमपी/एमएलए अदालत ने 29 अप्रैल को अंसारी और उसके भाई एवं पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी को 2007 के गैंगस्टर अधिनियम मामले में दोषी ठहराया था।

**उपराज्यपाल, सीएम केजरीवाल ने दिखाई हरी झंडी**

# दिल्ली: सड़कों पर उतरीं 500 इलेक्ट्रिक बस

- राजधानी में अब लगभग 1300 इलेक्ट्रिक बस

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को 500 इलेक्ट्रिक बस को हरी झंडी दिखाई, इसके साथ ही राष्ट्रीय राजधानी में ऐसी बस की संख्या 1,300 हो गई है।

दिल्ली सरकार ने कहा कि राजधानी की सड़कों पर दौड़ने वाली इलेक्ट्रिक बसों की संख्या देश में सबसे अधिक है। उपराज्यपाल सक्सेना ने संवाददाताओं से कहा, ''हमने आज 500 (इलेक्ट्रिक) बस को सड़कों पर उतारा। ये सभी शून्य उत्सर्जन वाली बस हैं। हम दिल्ली को बेहतर बनाने के लिए इसी तरह काम करना जारी रखेंगे।''

मुख्यमंत्री केजरीवाल ने सक्सेना को धन्यवाद दिया और शहरी परिवहन में सुधार जारी रखने का वादा किया। केजरीवाल ने संवाददाताओं से कहा, "मैं इस अवसर पर दिल्ली के लोगों को बधाई देना चाहता हूं। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उपराज्यपाल को भी धन्यवाद देना चाहता हूं। अब हमारे पास दिल्ली में 1300 इलेक्ट्रिक बस हैं। हम दिल्ली की परिवहन प्रणाली को मजबूत करना जारी रखेंगे।''



### 2025 तक कुल 10,480 बस होंगी

एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि प्रदूषण पर अंकुश लगाने के प्रयासों में इलेक्ट्रिक बस को शामिल करना एक मजबूत कदम है। दिल्ली में 2025 तक कुल 10,480 बस हो जाएंगी, इससे हर साल 4.67 लाख टन कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन रोकने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, एक सीएनजी बस प्रति किलोमीटर 800 ग्राम कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जित करती है। एक इलेक्ट्रिक बस इतनी मात्रा में कार्बन डाइऑक्साइड को वातावरण में जाने से बचाती है।"इलेक्ट्रिक बस के इस्तेमाल से अब तक 34,000 टन से अधिक कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन रोका गया है।

**इंदिरा गांधी शांति पुरस्कार का विजेता घोषित**

## बैरेनबोइम और अव्वाद को दिया जाएगा इस वर्ष का सम्मान

एजेंसी | नई दिल्ली




इजराइल-फिलिस्तीन संघर्ष के अहिंसक समाधान की दिशा में प्रयासों के लिए डैनियल बैरेनबोइम और अली अबू अव्वाद को इस वर्ष के इंदिरा गांधी शांति पुरस्कार का विजेता घोषित किया गया है। इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्रस्ट ने एक बयान में कहा कि डैनियल अर्जेंटीना में जन्मे शास्त्रीय पियानोवादक और कंडक्टर हैं, जबकि अव्वाद एक फलस्तीनी शांति कार्यकर्ता हैं, जो पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए फिलिस्तीन और इजराइल के लोगों के साथ अथक प्रयास कर रहे हैं। बयान में कहा गया है, " पूर्व प्रधान न्यायाधीश टीएस ठाकुर की अध्यक्षता वाले अंतरराष्ट्रीय निर्णायक मंडल को शांति, निरस्त्रीकरण और विकास के लिए डैनियल बैरेनबोइम और अली अबू अव्वाद को 2023 का इंदिरा गांधी शांति पुरस्कार देने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। ये शांति के दो योद्धा हैं जिन्होंने अहिंसक माध्यमों से इजराइल और फिलिस्तीन के बीच मित्रता को बढ़ावा देने के लिए अपना जीवन समर्पित किया है।"

### जयरंगम में दिखे कला व संस्कृति के विभिन्न रूप, रंग संवाद में हुई सार्थक चर्चा

# नाटक में कोरा मनोरंजन नहीं हो, उसमें क्षमता हो समाज में बदलाव लाने की

**बेधड़क. जयपुर।** 'नाटक में केवल मनोरंजन नहीं हो, उसमें उम्मीद की रोशनी झलकनी चाहिए। साथ ही क्षमता होनी चाहिए समाज में बदलाव लाने की।' चर्चा में यह मैसेज देने के साथ ही नाटक में युवा पीढ़ी पर सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव का चित्रण किया गया। आवाज ग्रुप के म्यूजिकल कॉन्सर्ट में सुरीले गीतों पर लोग झूमते नजर आए तो दास्तानगोई में शायर और गीतकार साहिर लुधियानवी के सफरनामा बयां किया गया। ये सब देखने को मिला जयपुर रंग महोत्सव के 5वें दिन कला प्रेमियों को कला व संस्कृति के विभिन्न रंग देखने को मिले। श्री एम डॉट बैंड थिएटर फैमिली सोसायटी की ओर से कला व संस्कृति विभाग, और जवाहर कला केन्द्र के सहयोग से फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को नाटक और रंग-संवाद पर नुक्कड़ नाटक खास रहे।



### आभासी दुनिया से बनाएं दूरी

नाटक के मंचन के साथ जयरंगम के दिन की शुरुआत हुई, जिसमें नौकरी से हाथ धो चुकी 25 वर्षीय युवती की कहानी को कलाकारों ने खूबसूरत अंदाज में मंच पर उतारा। सोशल मीडिया की आभासी दुनिया की चकाचौंध में वह घिर गई। उसकी मां उसे मोबाइल से दूरी बनाने को कहती है तो वह खफा होकर फोन तोड़ देती है। वह रात को घूमने निकलती है तो उसके साथ अप्रिय घटना होती है। ऐसे में उसे मां की नसीहत याद आती है और उसे गलती का एहसास होता है।

### नुक्कड़ नाटक संवाद का सर्वश्रेष्ठ माध्यम

रंगकर्मी अरविंद गौड़ ने रंग संवाद में 'वाइस ऑफ स्ट्रीट' विषय पर चर्चा की। वरिष्ठ रंगकर्मी अभिषेक गोस्वामी ने उनके साथ मंच साझा किया। गौड़ ने कहा कि बदलाव या क्रांति लाने के लिए संवाद जरूरी है और नुक्कड़ नाटक सर्वश्रेष्ठ माध्यम है। भारत में 2 ही लोगों से जनता सबसे ज्यादा प्रभावित होती है पहला नेता और दूसरा अभिनेता। ऐसे में रंगकर्मियों को चाहिए कि वे अभिनय कौशल का प्रयोग बदलाव लाने के लिए करे, जो कुछ भी गलत हो नुक्कड़ में विरोधी स्वर उठाकर उसे सही करने का प्रयास करे।

### साहिर की जादुई दास्तान

सर्द हवाओं से घिरी शाम में कला प्रेमियों ने शायर और गीतकार साहिर लुधियानवी की कहानी को जाना। डॉ. हिमांशु वाजपेयी और डॉ. प्रज्ञा शर्मा ने दास्तानगोई अंदाज में साहिर की जिंदगी से जुड़े पहलुओं को मंच पर बयां किया। शो दर्शकों को साहिर की जिंदगी के करीब ले गया। 'ताज तेरे लिए इक मजहर-ए-उल्फत ही सही, तुझ को इस वादी-ए-रंगीं से अकीदत ही सही', 'कभी-कभी मेरे दिल में खयाल आता है, कि जिंदगी तेरी जुल्फों कि नर्म छांव में गुजरने पाती तो शादाब हो भी सकती थी', साहिर से जुड़े किस्सों के साथ उनकी रूहानी नज्में भी दर्शकों को सुनने को मिली। दास्तान में एक समय ऐसा भी आया जब साहिर के मन में चल रहे द्वंद्व को कुछ यूं बयां किया गया कि 'साहिर कामयाब थे पर उनके दिलों दिमाग पर एक बोझ जरूर था, वह अंत तक किसी मंजिल की तलाश में रहे, कामयाब होना ही सब कुछ नहीं है, जरूरी नहीं है, कि आप कामयाब हैं तो अंदर की लड़ाई भी जीत चुके हैं।' डॉ. वाजपेयी ने बताया कि साहिर की जन्मशती पर 2021 में रिसर्च के बाद उन्होंने यह दास्तान तैयार की।






### महफिल-ए-जयरंगम रहेगी खास

शुक्रवार को 'महफिल-ए-जयरंगम' खास होगी। इसमें सामाजिक सच्चाई और इंसानी जिंदगी की हकीकत को शायरियों में बयां करने वाले शायर राजेश रेड्डी हिस्सा लेंगे तो वहीं आह्वान प्रोजेक्ट के कलाकार वेदी सिन्हा और सुमंत बालकृष्ण गीतों से महफिल को सजाएंगे।

## 'बखत' का विमोचन 17 को

**बेधड़क. जयपुर।** 'बखत' के 5वें अंक का विमोचन रविवार को पिंक सिटी प्रेस क्लब में किया जाएगा। कार्यक्रम आयोजक कमलेश तिवारी ने बताया कि समारोह की अध्यक्षता आलोचक राजाराम भादू करेंगे और मुख्य अतिथि हिन्दी कवि कृष्ण कल्पित शिरकत करेंगे। हिंदी में अपने तरह के अनूठे साहित्यिक बखत का अंक किसी एक लेखक के कृतित्व व व्यक्तित्व पर केन्द्रित होता है। सवाई सिंह शेखावत व डॉ. सत्यनारायण द्वारा संपादित बखत का पहला अंक कवि राजेन्द्र बोहरा पर केंद्रित था। दूसरा अंक हिन्दी कवि कृष्ण कल्पित पर केंद्रित था। तीसरा अंक लोक को अपनी कविताओं में रचने वाले कवि विनोद पदरज को केन्द्र में रखकर निकाला गया था तथा चौथा अंक राजस्थानी के वरिष्ठ कवि व नाट्य आलोचक डॉ. अर्जुन देव चारण पर केन्द्रित था। बखत का यह अंक युवा कवि प्रभात पर केंद्रित है।



## पुष्प वाटिका, गौरी पूजन

**बेधड़क. जयपुर।** छोटी चौपड़ स्थित सीतारामजी मंदिर में विवाह उत्सव की धूम रही। इस मौके पर समाज के भक्तों ने पद गाकर सुनाया तो भक्त रोमांचित हो गए। इस मौके पर पुष्प वाटिका व गौरी पूजन किया गया। रामगोपाल बूसर, रामशरण हल्दिया, अवधेश पोद्दार, नारायण अग्रवाल, रामबाबू पाटोदिया, प्रदीप सेठी, रमेश बिजलीवाले, महेश भगत, नवल किशोर, राम प्रसाद अग्रवाल, रामनारायण नाटाणी, प्रभू ताबी, लक्ष्मीनारायण काकड़े वाले, नन्द किशोर चौधरी आदि भक्तों ने रामजी को पद गाकर सुनाए। रामबाबू झालाणी ने बताया कि अब आगे धनुष यज्ञ व अयोध्या में निमंत्रण भीजवाना का उत्सव होगा और 17 दिसंबर को रामजी की बरात निकाली जाएगी।



## सिंगर्स सजाएंगे गोल्डन एरा

**बेधड़क. जयपुर।** गुलाबी नगरी की शाम बॉलीवुड के गोल्डन एरा से सरोबार होकर कई गीतों के जरिए दुनिया भर के कला प्रेमियों को प्रेरित करेगी। रविवार को 5 से 70 साल के सिंगर्स एक मंच पर होंगे और सुपर हिट फिल्मी युगल गीतों का कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। 'सुरीली शाम सुर के नाम' कार्यक्रम में रविवार को सी-स्कीम स्थित महावीर स्कूल ऑडिटोरिम में शाम 4 बजे से शहर के जाने-माने गायक व संगीत गुरु आमोद चतुर्वेदी के निर्देशन में 'सुर म्युजिक एकेडमी' के बैनर तले ये शाम सजेगी। कार्यक्रम संचालक आभा दिवेदी ने बताया कि कार्यक्रम में एकेडमी के सुर साधकों की ओर से गीतों की लाइव बैंड पर प्रस्तुति दी जाएगी। इस दौरान 'आज फिर जीने की तमन्ना है..., आजा सनम मधुर चांदनी में..., आसमां के नीचे...' जैसे सुपर हिट फिल्मी गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। मंच संचालन आभा द्विवेदी करेंगी।



## City इवेंट्स

### मनोनीत डिप्टी सीएम बैरवा का सम्मान



**बेधड़क, जयपुर।** मनोनीत उपमुख्यमंत्री और दूदू विधायक प्रेमचंद बैरवा प्रांतीय बैरवा प्रगति संस्था राजस्थान के एक शिष्ट मंडल ने मुलाकात कर संस्था अध्यक्ष महेश धावनियां के नेतृत्व में सम्मान किया। इस अवसर पर संस्था पदाधिकारी एडवोकेट राजेश कुमार शास्त्री, कविराज रामलाल बैरवा, राजेन्द्र कुमार बैरवा, मांगीलाल बैरवा, पंडित लक्ष्मीचन्द, सुभाष बैरवा, अनिल बैरवा, धर्मेन्द्र लालावल, अर्जुन कुमार गोठवाल आदि ने डॉ. बैरवा को शुभकामनाएं दी।

### ज्योतिष को लेकर भ्रांतियां दूर कीं

**बेधड़क, जयपुर।** वशिष्ठ ज्योतिष और वैदिक अनुसंधान ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में ठिकाना मंदिर गोविंद देवजी धाम में दो दिवसीय ज्योतिष परामर्श व विद्वान सम्मान समारोह ज्योतिषामृतम-2023 का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य समाज में फैली ज्योतिष को लेकर भ्रांतियों को दूर करना व ज्योतिष विज्ञान के गूढ़ रहस्यों को समझना और उसे दैनिक जीवन में प्रयोग में लाकर जीवन को सफल बनाना रहा। आम लोगों ने जीवन से जुड़ी समस्याओं और उसके उपायों के बारे में बताया गया तो 1000 से ज्यादा लोगों ने पंजीकरण कराया। आयोजकों ने बताया कि ज्योतिष व कर्मकांड एवं सनातन धर्म की रक्षा के लिए हर वर्ष यह आयोजन कर सर्व समाज को वेद और ज्योतिष के बारे में बताया जा रहा है। ऐसे में भारत और भारत से बाहर भी आयोग गरीब, अनाथ व असहाय लोगों की मदद व उन्हें न्याय दिलाने का काम कर रहे हैं।

### टीम-10 ने किया ग्रीनरी लाने का प्रयास




**बेधड़क, जयपुर।** जयपुराइट्स ने शहर को ग्रीन और क्लीन बनाने का अभियान चलाया हुआ है, जिसमें हर उम्र के लोग काम कर रहे हैं। ऐसे में टीम-10 ने विद्याधर नगर के सेक्टर 7 के गिन्नी गार्डन के पास वाली ग्रीन बेल्ट और पार्क में श्रमदान और पौधारोपण कर अपनी जिम्मेदारी निभाई। एक से ज्यादा ग्रुप बनाकर अलग-अलग स्थानों पर काम गया गया, जिसमें एक ग्रुप ने टैंकर से पानी डालकर पहले से रोपे गए पौधों को जीवित रखा तो कुछ युवा सुबह 6.30 बजे ही श्रमदान करने निकल पड़े। 24 लोगों ने साफ-सफाई और श्रमदान किया।

### फ्लैग मेकिंग सेरेमनी में कलाकारों ने भरे विचारों के रंग

## LGBTQ समाज का हिस्सा, इन्हें भी सम्मानपूर्वक जगह दी जाए



**बेधड़क | जयपुर**

स्टेट रेनबो एलजीबीटीक्यू सोसायटी की ओर से शुक्रवार को फाउंडेशन डे मनाने से पहले प्री-इवेंट के तौर पर 'बॉर्न दिस वे' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत पॉजिटिव युवा नेटवर्क एसोसिएशन, वसुधा जन विकास संस्थान एनजीओ और होटल ललित के साथ मिलकर फ्लैग मेकिंग सेरेमनी आयोजित की गई। इस दौरान राज्य के कलाकारों ने एलजीबीटीक्यू प्लस सोसायटी के लिए लाइव रेनबो फ्लैग पेंट किया। फ्लैग मेकिंग सेरेमनी में सन्त कुमार बिश्नोई, लालचंद कंवलिया, रवि प्रसाद, ईशा कुमारी, पलक सैनी, कोमल टेलर, रविंद्र कुमार, वेदांश मीणा, वंशिका खींची और बाला राम सहित 20 से अधिक कलाकारों ने रेनबो फ्लैग डिजाइन किया। आज के युग में ट्रांसजेंडर लोगों को खामोश रहने और स्वयं को छुपाने की जरूरत नहीं है। दुनिया हम सभी के लिए समान है। आर्टिस्ट संत कुमार बिश्नोई ने बताया, कि जिस तरह विभिन्न रंगों से मिलकर पेंटिग बनती है, उसी तरह सभी प्रकार के लोगों से मिलकर समाज का निर्माण होता है। एलजीबीटीक्यू भी समाज का अभिन्न हिस्सा है, जिन्हें समाज में सम्मान पूर्वक जगह दी जानी चाहिए। इस अवसर पर राहुल कुमावत, चीफ कम्युनिकेशन ऑफिसर कुशल गौड़, फाइनेंस हेड कमल भार्गव और चीफ ऑपरेशन ऑफिसर आयुष भार्गव उपस्थित रहे।

### ध्रुवपद गायन प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन

## राग 'चारूधरा' व 6 मात्रा की नई ताल अद्धा चौताल में निबद्ध की



**बेधड़क | जयपुर**

'जवाहर कला केन्द्र मंदिर है, जय है' सधे स्वरों में कलाकारों ने ध्रुवपद की यह रचना गाकर कला प्रेमियों को केन्द्र के रंग में रंग दिया। मौका था केन्द्र की ओर से आयोजित ध्रुवपद गायन प्रशिक्षण कार्यशाला के समापन समारोह का। गुरुवार शाम शिल्पग्राम के मनोरम प्राकृतिक सौंदर्य के बीच डूंगरपुर हट के मंच पर ये प्रस्तुतियां दी गईं। यह विशेष रचना ध्रुवपद कार्यशाला की प्रशिक्षक रहीं प्रो. डॉ. मधु भट्ट द्वारा परिकल्पित राग 'चारुधरा' व गुरू पं. लक्ष्मण भट्ट तैलंग द्वारा रचित 6 मात्रा की नई ताल अद्धा चौताल में निबद्ध थी। कार्यशाला में 115 प्रतिभागियों ने तैलंग से ध्रुवपद गायन का प्रशिक्षण हासिल किया।

समापन समारोह में केन्द्र की अतिरिक्त महानिदेशक प्रियंका जोधावत ने कहा कि हर आयु वर्ग के प्रतिभागी कार्यशाला में पुरातन शास्त्रीय विधा से जुड़े। मधु भट्ट तैलंग ने बताया कि कार्यशाला में सुर साधने के तरीके और रागों को आसान प्रयोगों के जरिए सिखाया गया।

आदि राग भैरव का प्रकार 'राग वैरागी भैरव' व 'आदि ताल' में निबद्ध वैदिक गणपति स्तोत्र और 500 वर्षों पूर्व के ध्रुवपद की जानकारी विद्वानों ने दी। प्रोग्राम में प्रतिभागियों ने ध्रुवपद की संस्कृत में व्याख्या का गान किया। पखावज पर प्रतीश रावत ने संगत की।

**समागम** | श्री खोले के हनुमान मंदिर में लक्खी अन्नकूट रविवार को, बनेगा वर्ल्ड रिकॉर्ड

# 61 मंदिरों में जाएगा भोग, 1.75 लाख भक्त जीमेंगे प्रसादी

**बेधड़क | जयपुर**

खोले के हनुमान मंदिर में एक बार फिर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनेगा। यहां 62 साल से लगातार चला आ रहा अन्नकूट इस बार विशेष होगा। यह साम्प्रदायिक सौहार्द्र भी कायम करेगा और रिकॉर्ड भी बनाएगा।

रविवार को हनुमानजी महाराज के अन्नकूट की प्रसादी सर्वजाति धर्म समागम के दौरान पौने दो लाख से ज्यादा भक्त चूल्हा उखाड़ पंगत में प्रसादी लेंगे। ऐसे में एक बार फिर भक्तों के प्रसादी ग्रहण करने का रिकॉर्ड बनेगा।



फोटो: पंकज शर्मा

### करीब 12 घंटे चलेगी रिकॉर्ड प्रसादी

श्रीनरवर आश्रम सेवा समिति (श्री खोले के हनुमानजी प्रन्यास) के अध्यक्ष गिरधारी लाल शर्मा ने बताया कि 2017 मे गोल्डन बुक्स ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में ये आयोजन दर्ज किया जा चुका है। ऐसे में इस बार भी 63वें अन्नकूट समारोह में 1.75 लाख लोगों के आने की पूरी उम्मीद है और उसी के अनुसार हमने प्रसादी तैयार करने की तैयारी की है। ऐसे में जात-पात, छोटे-बड़े और अधिकारी-कर्मचारी आदि सभी एक ही पंगत में बैठकर प्रसादी लेंगे।

### देवालयों में 56 व्यंजनों का भोग

पंगत से पहले लक्ष्मण डूंगरी के खोले में विराजे रामजी, हनुमानजी, अन्नपूर्णा, गायत्री व वैष्णों माता, ज्योर्तिलिंग सहित सभी देवालयों में 56 व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा।

### प्रसादी में 8 आइटम होंगे खास

कार्यक्रम के मुख्य संयोजक ओम रावत ने बताया कि अन्नकूट में मूंग, चौला, बाजरा, चावल, गडमगढ सब्जी, कढ़ी के साथ हलवा और भुजिया प्रसादी में दी जाएगी। 8 आइटम खास होंगे और एक बार में हजारों लोग एक साथ प्रसादी लेंगे। साथ ही कई झांकियां खास होंगी, जो पार्किंग स्थल से लेकर हर कहीं देखने को मिलेगी। आस-पास के कई किलोमीटर के 61 मंदिरों में भोग भेजा जाएगा। दूसरी ओर साम्प्रदायिक सौहार्द्र को बढ़ाते हुए पास ही स्थित हड्डीशाह बाबा की मजार पर भी छप्पन भोग, अन्नकूट प्रसादी और चादर चढ़ाई जाएगी।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, शुक्रवार, 15 दिसंबर, 2023





ईर्ष्या करना स्वाभाविक है पर दूसरे के दुख में आनंद महसूस करना दुष्टता है।

विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

# गाजा में लगातार बमबारी



## इजराइल बरसा रहा बम... 18 हजार से ज्यादा जिंदगियां खत्म

एजेंसी | वेस्ट बैंक

गाजा में जारी इजरायली कार्रवाई के बीच गुरुवार को वेस्ट बैंक में 11 फिलिस्तीनी मारे गए। फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों बताया कि वेस्ट बैंक के जेनिन में इजराइली सैनिकों ने छापेमारी की। इसमें 11 फिलिस्तीनी नागरिकों की मौत हो गई। साथ ही कई लोगों को गिरफ्तार किया गया। उधर, गाजा में इस समय लोगों की जिंदगी बद से बदतर हो रही है। एक तरफ इजराइली हमले जारी हैं तो वहीं दूसरी तरफ बारिश और ठंड की मार पड़ रही है। गाजा में लगातार हो रही बारिश और ठंड ने फिलिस्तीनी परिवारों की मुसीबत को और बढ़ा दिया है। मूसलाधार बारिश ने फिलिस्तीनियों के लिए एक नई चुनौतियां पैदा कर दी हैं, खासकर यह उन लोगों के लिए ज्यादा चिंताजनक है, जिन्होंने अपने घर खाली कर दिए। इजराइली सेना के आदेशों का पालन करते हुए इन लोगों ने अपने घरों को छोड़कर दक्षिण की तरफ भागने का फैसला किया। गाजा में स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है।

### संयुक्त राष्ट्र ने जताई चिंता

संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि गाजा में इस समय काफी चिंताजनक स्थिति है. लोगों को पानी, भोजन और दवा के लिए घंटों तक इंतजार करना पड़ रहा है। बारिश और बाढ़ के कारण स्थति और भी बदतर हो गई है। गाजा में इजराइली हमले लगाजार जारी हैं। इससे बचने के लिए हजारों की संख्या में फिलिस्तीनी कार, ट्रक, घोड़ा-गाड़ी या पैदल किसी भी तरह से दक्षिण की तरफ भाग रहे हैं।

### अब तक 18000 की मौत

इजराइल हमास जंग के कारण गाजा में अब तक 18 हजार लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। हमास ने 7 अक्टूबर को इजराइल पर हमला किया था। इस हमले में करीब 1200 इजराइलियों की मौत हो गई थी। इसके जवाब में इजराइल ने भी गाजा में बमबारी शुरू कर दी। इजराइली हमले में गाजा में 18 हजार से ज्यादा लोग मारे गए।

रूसी राष्ट्रपति बोले... लक्ष्य हासिल होने तक नहीं आएगी शांति

# 'नाजीवाद का खात्मा का रूस उद्देश्य'

एजेंसी | मॉस्को

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को कहा कि यूक्रेन को लेकर उनके देश के लक्ष्यों में कोई बदलाव नहीं आया है और इनके हासिल होने तक शांति कायम नहीं होगी। उन्होंने वर्ष के अंत में होने वाले संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में यह बात कही।

पुतिन ने कहा कि यूक्रेन को लेकर रूस के लक्ष्यों में 'नाजीवाद का खात्मा, 'असैन्यकरण' और देश की तटस्थ स्थिति स्थापित करना शामिल है और इनमें कोई बदलाव नहीं आया है।

उन्होंने फरवरी 2022 में जब सैनिकों को यूक्रेन भेजा था तब भी उन्होंने इन लक्ष्यों को रेखांकित किया था। रूस का आरोप है कि यूक्रेन सरकार पर कट्टर राष्ट्रवादी और नव-नाजीवादी समूहों का प्रभाव है। हालांकि, यूक्रेन और पश्चिमी देश रूस के इस दावे को खारिज करते रहे हैं। पुतिन चाहते हैं कि यूक्रेन को तटस्थ रहना चाहिए और उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में शामिल नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब हम ये लक्ष्य हासिल कर लेंगे तब शांति कायम हो जाएगी।



### अभी भी 2 लाख 44 हजार फौजी यूक्रेन में तैनात

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बताया कि फिलहाल वहां लगभग 6,17,000 रूसी सैनिक हैं, इनमें लगभग 2,44,000 वे सैनिक हैं, जिन्हें पेशेवर रूसी सैन्य बलों के साथ मिलकर लड़ने के लिए बुलाया गया था। उन्होंने कहा कि रूस को एक बार फिर पूर्व सैनिकों को लामबंद करने की जरूरत नहीं है और सेना में हर दिन 1,500 पुरुष भर्ती किए जा रहे हैं। पुतिन ने कहा कि बुधवार शाम तक कुल 4,86,000 सैनिक रूसी सेना के साथ अनुबंध कर चुके हैं। उन्होंने कीव को नियंत्रण में लेने के सेना के प्रयास नाकाम होने के बाद पिछले साल पारंपरिक संवाददाता सम्मेलन नहीं किया था।

अमेरिकी संसद में महाभियोग जांच शुरू करने के प्रस्ताव पर हुआ मतदान

# बाइडेन के खिलाफ महाभियोग जांच की मंजूरी

एजेंसी | वाशिंगटन



अमेरिकी संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा ने राष्ट्रपति जो बाइडेन के खिलाफ महाभियोग जांच शुरू करने को मंजूरी दे दी है।

बाइडेन के खिलाफ महाभियोग जांच शुरू करने के प्रस्ताव पर मतदान हुआ, जिसके समर्थन में 221 जबकि विरोध में 212 वोट पड़े। इस प्रस्ताव में राष्ट्रपति जो बाइडेन पर उनके बेटे हंटर बाइडेन के विवादास्पद और विदेशी लेनदेन के आधार पर औपचारिक महाभियोग जांच शुरू किए जाने की बात कही गई है। अगर वह सीनेट में चले महाभियोग में दोषी पाए जाते हैं तो उन्होंने राष्ट्रपति पद से हटना पड़ सकता है। बाइडेन ने महाभियोग के प्रयास को लेकर एक बयान जारी किया, जिसमें उन्होंने रिपब्लिकन सांसदों की प्राथमिकताओं पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि अमेरिकी जनता का जीवन बेहतर बनाने में मदद करने के बजाय वे मुझ पर झूठे आरोप लगाने पर ध्यान केंद्रित किए हुए हैं।

पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी ने किया ऐलान





# बिलावल PM और जरदारी राष्ट्रपति उम्मीदवार घोषित

एजेंसी | इस्लामाबाद

पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी ने गुरुवार को घोषणा की कि उसके अध्यक्ष बिलावल भुट्टो-जरदारी आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव में प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार होंगे। पार्टी ने कहा कि बिलावल भुट्टो-जरदारी के पिता आसिफ अली जरदारी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार होंगे। पीपीपी ने यह घोषणा, पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएन-एल) पार्टी द्वारा हाल में अपने प्रमुख एवं पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार होने का ऐलान किए जाने के बाद की है।

यहां मीडिया को संबोधित करते हुए पीपीपी के सूचना सचिव फैसल करीम कुंडी ने कहा कि बिलावल प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार होंगे और हमारी यह इच्छा कि हम 2008 को फिर से दोहराएं और आसिफ जरदारी को राष्ट्रपति बनाएं।

अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह

# अमेरिका में दीपक जलाकर मनाएंगे जश्न

एजेंसी | वाशिंगटन

अमेरिका में रहने वाले हिंदू नागरिक राम मंदिर के उद्घाटन का जश्न मनाने के लिए घरों में पांच दीपक जलाने की योजना बना रहे हैं। अमेरिका में मंदिर की खुशी में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अलग-अलग शहरों में कार रैलियां निकाली जाएंगी। राममंदिर के उद्घाटन की लाइव स्क्रीनिंग की जाएगी। सामुदायिक सभाएं और वॉच पार्टियां भी आयोजित होंगी।

विश्व हिंदू परिषद ऑफ अमेरिका (वीएचपीए) अधिकारी अमिताभ मित्तल ने बताया कि अयोध्या में दशकों बाद राम मंदिर का उद्घाटन हो रहा है। इसलिए हम अमेरिका में भी इस ऐतिहासिक दिन का जश्न मनाएंगे। समारोह में एक हजार से अधिक मंदिरों और व्यक्तियों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। लोगों की सुविधा के लिए वेबसाइट भी लॉन्च की गई है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक दिन का हिस्सा बनने के लिए हम अमेरिका में भी कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। समारोह का सीधा प्रसारण किया जाएगा। हमने अमेरिका में रहने वाले हिंदूओं से आह्वान किया है कि वे प्राण प्रतिष्ठा समारोह का जश्न मनाने के लिए घर में कम से कम पांच दीये जलाएं। अमेरिका के लोगों में तो राम मंदिर के लिए काफी उत्साह है।



### अयोध्या जाना चाहते हैं हम

शिकागो में हिंदू समुदाय के नेता भरत बराई ने पीटीआई को बताया कि यह हम सभी के लिए एक सपने के सच होने जैसा है। हमने अपने जीवन में कभी नहीं सोचा था कि हम यह दिन देख पाएंगे। वह क्षण आ गया है। यह अयोध्या में राम मंदिर (उद्घाटन) का जश्न मनाने का समय है। अगले साल 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भाग लेने के लिए मंदिर अधिकारियों द्वारा आमंत्रित लोगों में से एक डॉ. बराई ने कहा कि राम मंदिर के लिए अनगिनत लोगों ने संघर्ष किया है। हमारा मन है कि हम जल्द अयोध्या जाएं।






सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
संपादक: विनायक शर्मा*, फोन नं. : 9664014179 (ऑफिस), ई-मेल: news@sachbedhadak.com, RNI No. : RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

“सच बेधड़क” दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl